हरिभूमि
# रायपुर भूमि





## राज्योत्सव के रंग...

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश की रजत जयंती के मौके पर शनिवार को राज्योत्सव का आगाज हुआ। एक ओर जहां मंच पर कलाकारों ने नृत्य और संगीत की प्रस्तुति दी, वहीं विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी में राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। राज्योत्सव में ऊर्जा विभाग की झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पांच दिवसीय उत्सव में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

### डीडीनगर इलाके में किराए के मकान में चल रहा था अवैध कारोबार

# साड़ी कारोबार की आड़ में खप रही थी गांजा की खेप, महाराष्ट्र-ओडिशा के तस्कर दबोचे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साड़ी बेचने की आड़ में गांजा तस्करी करने के आरोप में डीडीनगर तथा क्राइम ब्रांच पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से साढ़े पांच लाख रुपए कीमत का 56 किलो गांजा जब्त किया है।वहीं एक महिला आरोपी फरार बताई जा रही है। महिलाएं महाराष्ट्र तथा शेष गांजा तस्कर ओडिशा के रहने वाले हैं। महिलाएं रायपुर में मकान किराया लेकर गांजा बेचने का काम कर रही थीं। ओडिशा के तस्कर महिलाओं को गांजा लाकर देते थे। महिला साड़ी बेचने की आड़ में गांजा का अवैध कारोबार कर रही थीं। पुलिस ने अब तक गांजा तस्करों के नाम का खुलासा नहीं किया है।

जानकारी के मुताबिक महिलाओं ने एक माह पूर्व डीडीनगर में किराए पर मकान लिया था। किराए पर मकान लेते समय दोनों महिलाओं ने मकान मालिक को महाराष्ट्र से साड़ी लाकर खरीदी-बिक्री करना बताया। महिलाएं जिस मकान से साड़ी खरीदी-बिक्री करती थीं, उसी मकान में स्थानीय तस्करों के पास गांजा बेचती थीं। दोनों महिलाओं को ओडिशा के गांजा तस्कर गांजा लाकर देते थे। इसके बाद महिलाएं स्थानीय गांजा तस्करों से संपर्क कर उन तक गांजा पहुंचवाने की व्यवस्था करती थीं।




### पुलिस सख्ती से बदला ट्रेंड

गांजा सहित अन्य तरह के मादक पदार्थों की अवैध खरीद फरोख्त रोकने पुलिस सख्ती बरत रही है। इसके चलते तस्कर मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री करने ट्रेंड बदल कर कारोबार कर रहे हैं। साड़ी बिक्री करने की आड़ में गांजा तस्करी करने का रायपुर में यह पहला मामला है। मादक पदार्थ की अवैध खरीदी बिक्री करने के नए पैंतरे में स्थानीय तस्करों के संपर्क के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है।

### संपर्क में आने की जांच

गांजा तस्करी के तार ओडिशा, महाराष्ट्र के साथ स्थानीय तस्करों के साथ आपस में कैसे जुड़े, पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है। पुलिस ने जिन महिलाओं को गिरफ्तार किया है, वे एक माह पूर्व महाराष्ट्र से रायपुर आई हुई हैं। ऐसे में महिलाओं की ओडिशा के साथ स्थानीय गांजा तस्करों के साथ एक दूसरे के साथ कैसे कड़ी जुड़ी, पुलिस इस संबंध में गिरफ्तार गांजा तस्करों से पूछताछ कर रही है।

### देर रात घेराबंदी कर पकड़ा

जिन महिलाओं को पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, उनकी संदिग्ध गतिविधि के बारे में पुलिस को पहले से जानकारी मिल रही थी। शुक्रवार को महिलाओं के पास तीन संदिग्ध लोगों के आने की पुलिस को जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने मुखबिर से प्रात कार नंबर के आधार पर कार का पीछा किया। कार महिलाओं के घर के पास रुकी। तस्कर जब कार से गांजा उतार रहे थे, उसी दौरान छापा मारकर पुलिस ने गांजा तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

## ट्रांजिट यार्ड के रूप में इस्तेमाल करते हैं रायपुर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर राजधानी को गांजा तस्करी के लिए ट्रांजिट यार्ड के रूप में इस्तेमाल करने लगे हैं। खमतराई के बाद डीडीनगर में गांजा की बड़ी खेप पकड़े जाने के बाद इसकी पुष्टि होती है। गांजा तस्करी के लिए जो राजधानी को ट्रांजिट यार्ड के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं, इसे रोकना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है।

राजधानी को गांजा तस्करी के लिए ट्रांजिट यार्ड के रूप में इस्तेमाल करने वाले तस्करों की पहचान करना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। इसकी बड़ी वजह यह है कि लोकल गांजा तस्करों का रिकार्ड रखने के साथ उनके बारे में पुलिस को पूरी जानकारी रहती है। अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों के बारे में पुलिस को किसी प्रकार की जानकारी नहीं रहती। इस वजह से उनको पहचानना मुश्किल होता है। ऐसे अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर जो तस्करी के ▶▶| शेष पेज 14 पर





### नागपुर भेजने बनाया ट्रांजिट यार्ड

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक तस्करी के आरोप में गिरफ्तार महिलाओं ने गांजा नागपुर भेजने के लिए रायपुर में ट्रांजिट यार्ड के लिए मकान किराए पर लिया था। एक साथ गांजा की बड़ी खेप नागपुर भेजे जाने पर जांच के दौरान पकड़े जाने का डर था। इस वजह से ओडिशा ▶▶| शेष पेज 14 पर

### कई राज्यों में रायपुर रूट से तस्करी

इंटर स्टेट गांजा तस्करी करने वाले गांजा तस्कर ओडिशा से गांजा तस्करी करते हैं। ओडिशा छत्तीसगढ़ से सटा राज्य है। ज्यादातर गांजा तस्कर राजधानी के रास्ते गांजा तस्करी करते हैं। इनमें मध्यप्रदेश के साथ बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब तथा हरियाणा ▶▶| शेष पेज 14 पर

### इन तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गांजा तस्करी के आरोप में पुलिस ने जिन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है, उनमें ओडिशा, नुआपाड़ा निवासी राजू बेरिया, गगन मांझी तथा महाराष्ट्र, अमरावती निवासी लक्ष्मी चौहान को गिरफ्तार किया है। तस्करी में शामिल एक अन्य महिला गांजा तस्कर फरार है।

### पूर्व में भी ट्रांजिट यार्ड का हो चुका है खुलासा

पिछले वर्ष खमतराई थाने की पुलिस ने उत्तरप्रदेश के गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया था। पकड़े गए गांजा तस्करों ने उत्तरप्रदेश के बनारस सहित कई शहरों में गांजा तस्करी करने ट्रांजिट यार्ड बनाया था। पूछताछ करने पर आरोपियों ने पुलिस को बताया था कि एकमुश्त उत्तरप्रदेश गांजा भेजने में उन्हें परेशानी हो रही थी। इस कारण मकान लेकर वे यहां गांजा स्टोर कर धीरे-धीरे कर गांजा उत्तरप्रदेश भेजते थे। रायपुर में ट्रांजिट यार्ड बनाने की बड़ी वजह रायपुर से सभी राज्यों के लिए डायरेक्ट बस के साथ ट्रेन सुविधा उपलबध होने के साथ तस्करी के लिए कई रूट हैं।

## खबर संक्षेप

### रिजर्व बल में तैनात पुलिसकर्मी की मौत

रायपुर। प्रधानमंत्री के रायपुर आगमन के दौरान सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात कांकेर रिजर्व बल के प्रधान आरक्षक की तबीयत बिगड़ने से अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार को मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने से हेड कांस्टेबल फुलजेश पन्ना (51) की मौत हुई है। फुलजेश ने शुक्रवार को तबीयत खराब होने की जानकारी दी थी। इसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। तबीयत बिगड़ने पर रामकृष्ण केयर अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उपचार के दौरान पुलिसकर्मी की शनिवार को मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### वृद्धा की चेन स्नैचिंग कर भागे युवक-युवती

रायपुर। सिविल लाइंस थाने में एक बुजुर्ग महिला ने एक अज्ञात युवक-युवती के खिलाफ फूल मांगने के बहाने चेन स्नैचिंग करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। न्यू शांतिनगर निवासी रुबा बाई ने चेन स्नैचिंग की शिकायत दर्ज कराई है। रुबा बाई ने पुलिस को बताया कि शनिवार तड़के 4 बजे वह फूल तोड़ने तथा मार्निंग वॉक करने निकली थी। इसी दौरान स्कूटी सवार एक युवक तथा एक युवती रुबा बाई के पास पहुंचे। युवक ने गाड़ी खड़ी कर वृद्धा से फूल मांगे। महिला फूल तोड़ने जा रही थी, इस दौरान युवक ने उनके गले से सोने की चेन खींच ली और युवती के साथ फरार हो गया।

### भरमार बंदूक से दहशत फैलाते धरा गया युवक



रायपुर। धरसींवा पुलिस ने बीच रोड में भरमार बंदूक से हवाई फायरिंग कर लोगों के बीच दहशत फैलाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अजय पारधी को भरमार बंदूक लेकर लोगों को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस को गश्त के दौरान सूचना मिली कि युवक ग्राम सगुनी कोल्हान नाला मेनरोड के पास भरमार बंदूक लेकर हवा में फायरिंग कर लोगों में दहशत फैला रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और युवक को घेराबंदी कर पकड़ा।

### नशीली कैप्सूल जब्त दो युवक पकड़े गए

रायपुर। सिविल लाइंस पुलिस ने दो युवकों के कब्जे से साढ़े 21 हजार रुपए कीमत की नशीली कैप्सूल जब्त की है। नशीली कैप्सूल के साथ पुलिस ने प्रदीप दीप तथा अभिनव शर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से कैनाल रोड दुर्गा नगर के पास से नशीली कैप्सूल बरामद की। युवकों के कब्जे से कुल 216 नग कैप्सूल मिली है।

### मुखबिरी के आरोप में चाय दुकानदार को पीटा

रायपुर। आजाद चौक थाने में एक चाय बेचने वाले दुकानदार ने दो बदमाशों के खिलाफ पुलिस के पास मुखबिरी करने का आरोप लगाकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गोकुल नगर निवासी विजय यादव ने शिबू सिन्हा, दादू उन्यासी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। विजय ने पुलिस को बताया कि वह रामजी हलवाई गली में चाय ठेला लगाता है।

## ब्लू लेक में डूबे एक छात्र का शव 18 घंटे बाद मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माना थाना क्षेत्र नवा रायपुर स्थित ब्लू वाटर लेक में डूबे दो छात्रों में से एक छात्र का एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने शव बरामद कर लिया है। मृतक की पहचान जयेश साहू (15) के रूप में हुई है। दूसरे छात्र मृदुल वजारिया की तलाश जारी है। मृतक तथा मृदुल टाटीबंध स्थित छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल के छात्र थे। आठ छात्र स्कूल बंक कर शुक्रवार को पिकनिक मनाने लेक में गए हुए थे। पिकनिक मनाने गए सभी छात्र घटना दिनांक को सुबह 10 से 11 बजे के करीब ब्लू वाटर लेक में पहुंचे थे। लेक पहुंचने के बाद छात्र पानी में नहाने के लिए चले गए। जयेश तथा मृदुल को तैरना नहीं आता था। दोनों पानी ▶▶| शेष पेज 14 पर

- दूसरे की तलाश जारी, पिकनिक मनाने गए थे इस दौरान हुआ हादसा



### आठ साल में नौ छात्र डूबे

ब्लू लेक में वर्ष 2017 से लेकर अब तक नौ छात्र-छात्राओं की डूबने से मौत हो चुकी है। इसके अलावा और कई अन्य की इस दौरान ब्लू लेक में डूबने से मौत हो चुकी है। बावजूद इसके प्रशासन ने ब्लू लेक में किसी तरह से कोई चेतावनी बोर्ड नहीं लगाया है। ▶▶| शेष पेज 14 पर

### स्कॉलरशिप से दाखिला

मृदुल का स्कूल में दाखिला स्कॉलरशिप के माध्यम से हुआ था। मृदुल की मां ममता हॉस्टल अधीक्षिका हैं। उनकी पोस्टिंग बस्तर, लोहांडीगुड़ा में है। घटना की जानकारी मिलने पर मृदुल के माता-पिता गहरे सदमें में हैं। ममता अपने जिगर के लाल को याद कर लगातार रो रही है। मृदुल का चयन स्कूल स्तरीय क्रिकेट के लिए हाल ही में चयन हुआ है। वह रणजी क्रिकेट खेलने की तैयारी कर रहा था। जयेश के पिता प्राइवेट जॉब करते हैं। जयेश भी पढ़ाई में होशियार था।

### ब्लू वाटर खदान में अब तक हुए हादसे

- 2017 में देवेंद्र नगर की 17 साल की सुनैना की डूबने से मौत
- मई 2019 को दोस्तों के साथ गए 17 साल के मोहन बाघ की डूबने से मौत
- मार्च 2023 को पिकनिक मनाने गए दो दोस्तों की डूबने से मौत
- जून 2023 को दोस्तों के साथ नहाने गए तीन युवक नदीम, फैजल और शहबाज की मौत

## ब्रेकअप के बाद नाराज प्रेमी ने माशूका की मां का सिर फोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रेमिका के ब्रेकअप होने तथा बातचीत बंद होने से नाराज एक युवक ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर पूर्व प्रेमिका की मां के सिर पर हथौड़ा से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवती की शिकायत पर डीडीनगर थाने की पुलिस ने युवक तथा उसके साथी के खिलाफ हत्या की कोशिश का अपराध दर्ज किया है। रायपुरा, गौरा चौक स्थित यादवपारा निवासी आरती विश्वकर्मा ने देवेंद्र नगर निवासी दीपक अग्रवाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आरती ने पुलिस को बताया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से दीपक से उसकी पहचान हुई थी। युवती के घरवाले दीपक को पसंद नहीं करते थे। इसके चलते युवती अलग से मकान किराए पर ▶▶| शेष पेज 14 पर



### न्यूनतम तापमान में आएगी गिरावट, ठंड की वापसी होगी

## बादल छंटने पर लोगों ने महसूस की राहत, नवा रायपुर में रात बारिश हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चक्रवाती तूफान के कमजोर होने के बाद बादल छंटने से शहर में लोगों ने राहत महसूस की, मगर रात होने के बाद नवा रायपुर में बारिश होने से राज्योत्सव थोड़ा प्रभावित हुआ। बादल छंटने के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से ठंड की वापसी होने की उम्मीद है। शनिवार को काफी दिनों बाद निकली चमकीली धूप से लोगों ने राहत महसूस की।

राज्य में अक्टूबर का अंतिम सप्ताह बादलों के साथ बीता। सामान्यतः इस दौरान रात का तापमान 20 डिग्री से नीचे होने की वजह से शहरी इलाकों में ठंड महसूस होने लगती है और आउटर में इसका खासा प्रभाव होने लगता है। इस बार बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान के प्रभाव से मौसम बदला रहा। दिन में धूप तो तेज नहीं



हुई, मगर रात का तापमान भी सामान्य से नीचे नहीं जा पाया। अंतिम दिनों में तो शहर में खंड वर्षा भी हो गई। लगातार तीन से चार दिन तक पर्याप्त धूप नहीं निकलने की वजह से लोग मौसम से उकताने लगे थे। शनिवार को सिस्टम के कमजोर होने के बाद राहत मिली। चमकीली धूप निकलने की वजह से अधिकतम तापमान बढ़कर 30 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया। इधर शाम होने के बाद नवा रायपुर के मौसम में थोड़ा बदलाव हुआ और कुछ देर तक बारिश हुई। इसकी वजह से राज्योत्सव का कार्यक्रम भी काफी देर ▶▶| शेष पेज 14 पर

### 42 साल पहले कड़ाके की ठंड

मौसम विभाग के विशेषज्ञों के मुताबिक नवंबर में बढ़ती ठंड महसूस होती है। आंकड़ों के मुताबिक इस माह का अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री 2 नवम्बर 1935 को दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री 22 नवंबर 1883 यानी 42 साल पहले रिकार्ड किया गया। इस माह सर्वाधिक 70 मिमी. वर्षा 2 नवंबर 1930 हुई और सर्वाधिक मासिक वर्षा 138 मिमी. 1924 को दर्ज है।

### कोयले का नया स्टॉक आने के बाद ही सेस समाप्त हो सकेगा

# बिजली बिल में अभी सेस से राहत नहीं, नया कोयला खरीदी के बाद ही मिलेगा लाभ

**सितंबर के बिल में सेस लगा, नवंबर में आने वाले अक्टूबर के बिल में भी नहीं मिलेगी राहत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोयले पर लगने वाला सेस केंद्र सरकार ने समाप्त कर दिया है। इसके स्थान पर जीएसटी लगेगा। ऐसे में बिजली बिल में लगने वाला प्रति यूनिट 10 पैसे का सेस समाप्त होना है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने सेस समाप्त होने पर बिजली बिल में 12 पैसों तक की राहत की भी बात कही है, लेकिन फिलहाल यह राहत सितंबर के बिल में नहीं मिली है। अक्टूबर के बिल में भी इसके मिलने की संभावना कम है। पॉवर कंपनी के बिजली उत्पादन संयंत्रों में एक से डेढ़ माह के कोयले का स्टॉक रहता है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कोयले का नया स्टॉक आने के बाद ही सेस समाप्त हो सकेगा।

प्रदेश भर के 65 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल में प्रति यूनिट पर दस पैसे सेस लगते हैं। अब इस सेस से राहत मिलने का रास्ता खुल गया है। केंद्र सरकार ने कोयले पर लगने वाला सेस समाप्त कर दिया है। अब आने वाले समय में बिजली बिल के साथ दस पैसे लगने वाला सेस समाप्त हो



जाएगा। लेकिन इसको समाप्त होने में थोड़ा समय लगेगा। सेस को 22 सितंबर से समाप्त किया गया है क्योंकि जीएसटी के नए स्लैब 22 सितंबर से लागू हुए हैं। कोयले को भी जीएसटी के दायरे में लाया गया है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि अभी पॉवर कंपनी के बिजली उत्पादन संयंत्र में कोयले का पुराना स्टॉक है। वैसे भी सितंबर में 22 तारीख से कोयले को जीएसटी के दायरे में लाया गया तो सितंबर के बिल में सेस के समाप्त होने का सवाल ही नहीं है। अक्टूबर में भी सेस समाप्त होने की संभावना कम है क्योंकि कम से कम एक माह तक तो कोयले का पुराना स्टॉक चलेगा ही। इसके बाद नवंबर में जब नए कोयले की खपत होगी तो सेस समाप्त होगा।

### एफपीपीएएस का डबल झटका

बिजली की उत्पादन लागत में जो अंतर आता है, उसकी वसूली एफपीपीएएस शुल्क से की जाती है। सितंबर में इस शुल्क का उपभोक्ताओं को डबल झटका लगा है क्योंकि बीते माह का 7.10 फीसदी शुल्क लेने के साथ इस माह का 2.46 फीसदी शुल्क भी वसूला गया है। अब अक्टूबर के बिल में जहां बचा सात फीसदी शुल्क लिया जाएगा, वहीं नए माह का तय शुल्क भी लिया जाएगा। ऐसे में नवंबर में जो अक्टूबर का बिल आएगा, उसमें भी डबल झटका लगेगा।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री का सभी मंत्री और सांसदों ने किया स्वागत



## पीएम मोदी का छगन ने किया स्वागत

छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष छगन लाल मुंदड़ा ने पीएम नरेंद्र मोदी का स्वागत किया।

## अंजय ने किया स्वागत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विमानतल में शनिवार को भाजपा नेता अंजय शुक्ला ने स्वागत किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को छत्तीसगढ़ के 25वें स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। सुबह 9.40 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर उनके स्वागत के लिए प्रदेश सरकार के सभी मंत्री, सांसद और विधायक शामिल हुए। वहीं उनके दिल्ली रवाना होने के दौरान एयरपोर्ट पर संगठन के सभी मोर्चा अध्यक्ष और भाजपा पदाधिकारी शामिल थे।

राज्य के राज्योत्सव के मौके पर आयोजित कार्यक्रमों हिस्सा लेने पहुंचे पीएम मोदी का एयरपोर्ट आगमन के दौरान भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, ओपी चौधरी, श्यामबिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े, राजेश अग्रवाल, गजेंद्र यादव, लखन देवांगन, महापौर मीनल चौबे, विधायक लता उसेंडी शामिल थी। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, सांसदों में बृजमोहन अग्रवाल, रूप कुमारी चौधरी, विजय बघेल, भोजराज नाग, मोहन मंडावी, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह सहित कई अन्य नेता शामिल हुए। वहीं पीएम मोदी राज्योत्सव के शुभारंभ के बाद शाम 5 बजे एयरपोर्ट पहुंवे, यहां से वापस दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस दौरान भाजपा मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी अध्यक्ष मौजूद थे। विभा अवस्थी अध्यक्ष महिला मोर्चा, राहुल टिकरिहा, अध्यक्ष भाजयुमो, हर्षिता पांडेय, प्रदेश मंत्री अमित साहू सहित अन्य प्रदेश पदाधिकारी और नेता मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में पांच कार्यक्रमों में हिस्सा लेने आए पीएम मोदी ने सभी कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

### राज्योत्सव के शुभारंभ के बाद वापस दिल्ली रवाना हुए





## पीएम मोदी से जैन दादाबाड़ी के अध्यक्ष संतोष ने की भेंट



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष जैन को उनकी सक्रियता एवं भाजपा व समाज के लिए निरंतर सक्रियता की अनुमोदना की, जब संतोष जैन ने प्रधानमंत्री मोदीजी को बताया कि मेरी उम्र 72 वर्ष हो गई है तो उन्होंने उनका हाथ पकड़कर कहा कि ऐसा नहीं बोलते हैं, आप ये बोलें कि अभी 28 वर्ष और सक्रियता से कार्य करना है, अर्थात मोदीजी ने 100 वर्ष पार्टी एवं समाज के लिए सक्रिय रहने का आशीर्वाद संतोष जैन को दिया। उल्लेखनीय है कि जैन समाज के संतोष जैन ने स्वभूमि में स्वद्रव्य से भैरव सोसाइटी में सीमांधर स्वामी जैन मंदिर एवं दादाबाड़ी का निर्माण कर समाज को दान कर दिया, वे निरंतर 72 वर्ष की उम्र में भी भाजपा एवं समाज के कार्य में निस्वार्थ भाव से लगे रहते हैं।

---

## खबर संक्षेप



### जय बुढ़ी मां गांडा महासभा ने मनाया राज्य स्थापना दिवस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर जय बुढ़ी मां गांडा महासभा द्वारा कलेक्टर ऑफिस के पास स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही महासभा के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ी महतारी के प्रतिमा के समक्ष ससम्मान राज्यगीत गाया। इसी दौरान देवउठनी एकादशी त्योहार पर छत्तीसगढ़ी महतारी के प्रतिमा पर गन्ना भेंट कर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष जीतू सागर ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयीजी के प्रयास से 25 वर्ष पूर्व हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश का निर्माण हुआ था। आज राज्य स्थापना दिवस पर स्व. अटलजी के संकल्प को मन में रखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हम विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। कार्यक्रम में एनआर बघेल, सावित्री जगत, शंकर तांडी, संजय सोनी, वैष्णव भत्रिया, मुकेश मोंगराज, माधव छूरा, सागर तांडी, देवराज महानंद, श्याम सिक्का, राधे नायक, रोशनी बाघ, दीपक दीप, विजय सिक्का, सदाराम बेहरा, शेखर सागर, राधे नाग, अर्जुन बघेल, सिद्धू बाग एव समस्त जय बुढ़ी गांडा महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए।

---

### राज्य के लगभग सभी विभागों ने अपनी गतिविधियों को सराहा

# पीएम ने राज्योत्सव स्थल पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर नवा रायपुर स्थित राज्योत्सव परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। यह प्रदर्शनी राज्य की विकास यात्रा, सुशासन के नवाचारों और न्याय प्रणाली के आधुनिकीकरण की दिशा में हुए ऐतिहासिक प्रयासों का जीवंत प्रदर्शन है। यह प्रदर्शनी 1 से 5 नवम्बर तक आम नागरिकों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों और जनप्रतिनिधियों के लिए खुली रहेगी, जिसमें शासन की योजनाओं, जनसेवाओं और नई कानूनी व्यवस्थाओं की जानकारी आम जनता तक रोचक तरीके से पहुंचाई जाएगी। राज्योत्सव प्रदर्शनी में प्रमुख रूप से राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, शिक्षा विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, खनिज विभाग, गृह विभाग, छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण, श्रम विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, जनसंपर्क विभाग, आदिवासी विकास विभाग, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, जल संसाधन विभाग, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सामान्य प्रशासन विभाग ने भव्य प्रदर्शनी के माध्यम से अपने विभाग की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया है। ये सभी विभाग अपनी योजनाओं और नवाचारों के माध्यम से प्रदेश की 25 वर्ष की उपलब्धियों का चित्रण कर रहे हैं।

**दिखी नवीन आपराधिक कानूनों की झलक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में न्याय प्रणाली को आधुनिक, पारदर्शी और जन-केंद्रित बनाने की दिशा में किए गए सुधारों को गृह (पुलिस) विभाग की प्रदर्शनी में विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया है। इन नवीन आपराधिक कानूनों का उद्देश्य अपराधों की जांच और निपटान में वैज्ञानिक पद्धति, डिजिटल साक्ष्य और फोरेंसिक सहयोग को प्राथमिकता देना है, जिससे न्याय प्रणाली अधिक तेज, प्रभावी और पारदर्शी बने। गृह विभाग की प्रदर्शनी में पुलिस विभाग, डायल 112, सीन ऑफ क्राइम यूनिट, सिविल हॉस्पिटल, फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, अभियोजन, जिला न्यायालय, कारागृह, उच्च न्यायालय सहित न्याय व्यवस्था के पाँच प्रमुख स्तंभ पुलिस, जेल, अभियोजन, फोरेंसिक विशेषज्ञ और न्यायिक अधिकारी की भूमिका को दर्शाया गया है।

### गृह विभाग की प्रदर्शनी

गृह विभाग द्वारा प्रदर्शनी में जानकारी दी गई कि तकनीक, अनुसंधान और समन्वय के माध्यम से अब अपराध जांच और न्यायिक प्रक्रिया में गति और सटीकता लाई जा रही है। अभियोजन और न्यायिक कार्यवाहियों की ऑनलाइन ट्रैकिंग प्रणाली भी न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

### इंटरएक्टिव लर्निंग, खेल-खेल में कानून की समझ

प्रदर्शनी के अवलोकन हेतु आने वाले नागरिकों और छात्र-छात्राओं के लिए क्विज़ एवं खेल-खेल में कानून को समझने जैसे रोचक इंटरएक्टिव कार्यक्रम रखे गए हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से नवीन आपराधिक कानूनों के प्रावधानों को सरल और रोचक तरीके से समझाया जा रहा है। यह पहल न केवल जनजागरूकता बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि नागरिकों में कानून के प्रति सम्मान, विश्वास और सहभागिता की भावना भी विकसित कर रही है। उल्लेखनीय है कि नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन से अपराधियों को सजा देने की प्रक्रिया अधिक तेज, सटीक और वैज्ञानिक होगी।

---

# किरण देव, पवन साय सहित कई भाजपा नेता गए बिहार



- आज जाएंगे डिप्टी सीएम अरुण साव सहित कई और नेता





हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

राज्योत्सव के रजत जयंती समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजधानी रायपुर में हुए कार्यक्रमों के बाद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और संगठन महामंत्री पवन साय सहित कई भाजपा नेता बिहार चुनाव के लिए रवाना हो गए हैं। जिन नेताओं को पहले से वहां की जिम्मेदारी मिली है, उनमें से मंत्री, विधायक और सांसद राज्योत्सव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के कारण लौट आए थे, लेकिन ये सब अब फिर से वापस जा रहे हैं। कुछ शनिवार की रात को ही वापस चले गए, कुछ रविवार को जाएंगे। डिप्टी सीएम अरुण साव भी रविवार को जा रहे हैं। बिहार में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेश के कुछ मंत्रियों, सांसद और विधायकों को वहां पर अलग-अलग विधानसभाओं की जिम्मेदारी सौंपी है। कई भाजपा नेता दीपावली से पहले वहां गए थे, लेकिन दीपावली पर ज्यादातर नेता वापस आ गए थे। इसके बाद सभी फिर वापस चले गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रायपुर आगमन के कारण ज्यादातर मंत्री, सांसद और विधायक वापस आ गए थे। अब ये सब वापस फिर से बिहार जा रहे हैं। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और संगठन महामंत्री पवन साय शनिवार की रात को यहां से विमान द्वारा दिल्ली के लिए उड़े हैं। अब ये रविवार को दिल्ली से पटना के लिए उड़ान भरेंगे। इसके अलावा प्रदेश के मंत्री लखन देवांगन, राजेश अग्रवाल के साथ और कई नेता बिहार लौट रहे हैं। भाजपा के मीडिया प्रभारी हेमंत पाणिग्रही भी शनिवार की रात को सड़क मार्ग से बिहार के लिए निकले हैं। जो नेता बचे हैं, वे भी रविवार को वापस लौट जाएंगे।

---

## विधानसभा भवन, ट्राईबल म्यूजियम को कांग्रेस सरकार ने बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर



नये रायपुर में छत्तीसगढ़ के जिस विधानसभा भवन और ट्राईबल म्यूजियम का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकार्पण किया, उसे कांग्रेस की भूपेश सरकार ने बनाया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, राज्य में जब कांग्रेस की सरकार थी, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के नये विधानसभा भवन बनाने की परिकल्पना की। उसका भूमिपूजन किया तथा निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति और टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर द्रुतगति से निर्माण कार्य शुरू करवाया। कांग्रेस सरकार ने यह भी लक्ष्य निर्धारित किया था कि दो वर्ष में राज्य की विधानसभा नये भवन में स्थानांतरित हो जायेगी। उन्होंने कहा, नये विधानसभा भवन को बनाने का एकतरफा श्रेय लेने वाली भाजपा और रमन सिंह की राज्य में 2003 से 2018 तक 15 वर्ष तक सरकार थी। 15 सालों में भाजपा ने कभी नया विधानसभा भवन बनाने की जरूरत नहीं समझी। उन्होंने कहा, नया विधानसभा भवन के साथ नया रायपुर में मुख्यमंत्री और मंत्रियों का निवास, राजभवन भी कांग्रेस सरकार ने बनाया तथा उसको पूरा भी किया। भाजपाई मुख्यमंत्री और मंत्री तो केवल वहां पर पूजा पाठ कर रहना शुरू किये।

---

जनता के संघर्ष और सपनों को सलाम करने का दिन

# कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ महतारी की आरती उतारी, दीप जलाकर मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने घड़ी चौक स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आरती उतारी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति पर गन्ना चढ़ाया गया और सैकड़ों दीप जलाकर राज्य की समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई।

कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से छत्तीसगढ़ राज्य गीत 'अरपा पैरी के धार' का गायन किया, जिससे पूरा परिसर छत्तीसगढ़ी अस्मिता और गौरव से गूंज उठा। स्थानीय बच्चों द्वारा प्रस्तुत सुवा नृत्य ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिया। कांग्रेस पदाधिकारियों ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### राज्य की माटी और संस्कृति की पहचान : दुबे




इस अवसर पर शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, छत्तीसगढ़ की माटी, संस्कृति और स्वाभिमान हम सबकी पहचान है। राज्य स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की मेहनतकश जनता के संघर्ष और सपनों को सलाम करने का दिन है।

**ये थे मौजूद :** इस कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से कुलदीप जुनेजा, ब्लॉक अध्यक्ष दीपा बग्गा, प्रशांत ठेगड़ी, अरुण जंघेल, श्रीनिवास प्रभारी महामंत्री आकाश तिवारी, अविनय दुबे, मुन्ना मिश्रा, शिव सिंह ठाकुर राकेश धोत्रे, दिनेश ठाकुर, प्रवीण चंद्राकर, जगदीप कौशल, सनआशा परवीन, पप्पू ईरानी एन के पटेल भूपेंद्र जलछतरी अनिल रायचूर सुनील भुसावल नवीन राजरस मोहसिन खान जित्तू राहुल श्रीवास्तव संतोष बाघमार लकी नायक एवं समस्त कांग्रेस जन उपस्थित थे।









## खबर संक्षेप



### ग्राम सकरी में राज्योत्सव धूमधाम से मनाया गया

**मंदिर हसौद।** 1 नवंबर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 25 वा स्थापना दिवस पर ग्राम पंचायत सकरी में सरपंच सोनल प्रशान्त कुर्रे के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के मूर्ति का माल्यापर्ण कर प्रसाद वितरण किया गया जहां गांव और प्रदेश के विकाश उन्नति व सुख समृद्धि के लिए पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों को स्थापना दिवस की बधाई दिया गया । जिसमे उपसरपंच पूर्णिमा सिन्हा पंच गण संतरा डहरिया. लीला सिन्हा हेमा निषाद. धनेश्वरी गेन्द्रे. महेंद्र गेन्द्रे. अलका कुर्रे. नंदनी ध्रुव. करण यादव. लोमेश ध्रुव. उमेश गेन्द्रे .सजनी लहरे.जागेश्वर कुर्रे. सचिव राजेश्वरी कहर .खेम लाल .चंदू यादव. अजय साहू. प्रीति रात्रे.अरुण लहरी. घनश्याम पाल. ईश्वर दिवाकर.महिला समूह व आँगन बड़ी कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

### पत्रकार सुरक्षा विधेयक संशोधन पर गोष्ठी आज

**सिलयारी।** न्यायधानी बिलासपुर 2 नवंबर को पत्रकारिता जगत का केंद्र बनने जा रहा है। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति द्वारा स्व. लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में "पत्रकारिता संरक्षण एवं पत्रकार सुरक्षा कानून विधेयक में संशोधन" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान भी किया जाएगा कार्यक्रम का आयोजन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिग्नेश कालावाडिया (गुजरात) की सहमति से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जहां पत्रकार सुरक्षा कानून विधेयक लागू हुआ है।

# गन्ने का मंडप घर-घर में सजा और मनाया देवी तुलसी का विवाहोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र में देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह पूजा धूमधाम हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न। शनिवार को तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र में देवउठनी एकादशी के अवसर पर तुलसी विवाह का कार्यक्रम श्रद्धापूर्वक हर्षोल्लास पूर्वक किया गया, माता तुलसी की विशेष पूजा अर्चना की गई, श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना किया गया। यहां बताना लाजमी होगा कि आज तुलसी विवाह में माता तुलसी के समक्ष विवाह का पूरा श्रृंगार सहित पूजा अर्चना किया गया एवं इस पर्व पर गन्ने का भी विशेष महत्व रहता है कहा जाता है कि गन्ने के बिना माता तुलसी का विवाह संपन्न नहीं होता। और बाजार में भी गन्ना का बाजार सजा हुआ था साथ ही विशेष श्रृंगार माता तुलसी का किया गया एवं तुलसी विवाह कार्यक्रम पूजा अर्चना संपन्न किया गया। तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र में आज देव उठानी एकादशी पर्व तुलसी विवाह का कार्यक्रम हर्षोल्लाह पूर्वक मनाया गया साथ ही कई स्थानों पर गौरा गौरी की प्रतिमा स्थापित कर आज विसर्जन किया गया।



## देवउठनी एकादशी पर मनाया माता तुलसी विवाहोत्सव

आरंग। कार्तिक मास की शुक्ल एकादशी तिथि पर देवउठनी एकादशी का पर्व लाखौली क्षेत्र के ग्रामों में धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। चार महीने के शयन के पश्चात भगवान विष्णु के जागरण के इस पावन अवसर पर गांव-गांव में परंपरागत पूजा-अर्चना, कथा व भजन-कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए गए।ग्रामवासियों ने घरों व मंदिरों में भगवान विष्णु, तुलसी माता और शालिग्राम की विधिवत पूजा-अर्चना की। जगह-जगह देवउठनी बारात निकाली गई, जिसमें महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश और थाल लिए भक्ति गीतों के साथ झूमती नजर आयी। युवाओं में भी विशेष उत्साह देखा गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने तुलसी विवाह का आयोजन कर धर्म-संस्कारों की परंपरा को जीवंत किया। शाम होते ही दीपों की लौ से पूरा क्षेत्र आलोकित हो उठा। देवउठनी पर्व के साथ ही शादी-ब्याह, मांगलिक कार्यों की शुरुआत का शुभ समय प्रारंभ हो गया, जिससे गांवों में अब रौनक और भी बढ़ गई है।ग्रामीणों ने कहा कि देवउठनी एकादशी भगवान विष्णु के प्रति आस्था और नव आरंभ का प्रतीक है, जो जीवन में धर्म, प्रेम और उत्सव की भावना को संजीवित करती है।

## एनसीसी के अनुशासित युवा देश की रीढ़ : लेफ्टिनेंट अनिरुद्ध

# नेवल यूनिट एनसीसी ने वाकथान में दिया फिटनेस व अनुशासन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| आरंग

- एनसीसी ट्रेनिंग सेंटर लखौली में शानदार आयोजन

स्वस्थ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में 1 सीजी नेवल यूनिट एनसीसी रायपुर (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय) द्वारा शनिवार सुबह लखौली ग्राम में भव्य वॉकाथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोस्ट एंटरप्राइजिंग नेवल यूनिट एवं एनुअल ट्रेनिंग कैम्प–151 के सैकड़ों एनसीसी कैडेट्स ने भाग लेकर अनुशासन, जोश और देशभक्ति का परिचय दिया।सुबह ठीक 7:30 बजे एनसीसी ट्रेनिंग सेंटर लखौली से वॉकाथन की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हीरामन साहू सरपंच एवं कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर पी. अनिरुद्ध ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया।इस अवसर पर श्री साहू ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी के ये अनुशासित युवा देश की रीढ़ हैं। इनकी ऊर्जा और सेवा भावना समाज के हर कोने तक पहुंचनी चाहिए। वॉकाथन के दौरान कैडेट्स ने पूरे गाँव में मार्च करते हुए स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत और फिट बॉडी, फिट माइंड, फिट इंडिया जैसे नारों से वातावरण को उत्साह से भर दिया। ग्रामीणों ने भी सड़क किनारे खड़े होकर तालियों से कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया।इस वॉकाथन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। कैडेट्स ने लोगों से कहा कि शारीरिक फिटनेस केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी है क्योंकि स्वस्थ नागरिक ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं।एनसीसी अधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजन कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व और टीमवर्क की भावना को सुदृढ़ करते हैं तथा समाज सेवा की दिशा में उन्हें प्रेरित करते हैं। पूरे कार्यक्रम में प्रशिक्षण शिविर के दौरान सीखे गए अनुशासन और सामूहिकता की झलक स्पष्ट दिखाई दी।वॉकाथन के उपरांत ग्राम पंचायत प्रांगण में समापन समारोह आयोजित हुआ, जहाँ अधिकारियों ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी केवल यूनिफॉर्म पहनने का प्रतीक नहीं, बल्कि यह जीवनशैली है जो सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का संदेश देती है। मुख्य अतिथि हीरामन साहू ने एनसीसी यूनिट और प्रशिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन गाँव के युवाओं को नई दिशा प्रदान करते हैं और समाज को स्वस्थ एवं स्वच्छ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कैडेट्स ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे जीवनभर स्वच्छता, फिटनेस और देशसेवा की भावना को आगे बढ़ाते रहेंगे।इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कमांडर अखिल शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण एवं एनसीसी स्टाफ पस्थित रहे।



# भरमार बंदूक से हवा में फायरिंग कर फैलाई दहशत, आरोपी रिमांड पर




हरिभूमि न्यूज ▸▸| धरसींवा

धरसींवा क्षेत्र में इन दिनों अपराधों का ग्राफ थमने का नाम नहीं ले रहा है, जिसके चलते आम जनता में भय का माहौल है। इसी कड़ी में, धरसींवा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है जो सरेआम हवा में फायरिंग कर आते-जाते लोगों को दहशत में डाल रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 52 इंच लंबी भरमार बंदूक भी जब्त की है।युवक के पास भरमार बंदूक कहा से आया इसकी जांच में जुट गई है।

मामला थाना धरसींवा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सगुनी कोल्हान नाला मेन रोड का है। पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान यह गंभीर सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर लोगों को डरा-धमका रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर अजय पारधी नामक युवक भरमार बंदूक से हवा में फायरिंग करते गिरफ्तार किया।

पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर सरफिरे युवक को काबू में किया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अजय पारधी पिता हेमलाल पारधी (25 ), निवासी ग्राम भूमिया, थाना तिल्दा नेवरा, जिला रायपुर (छ.ग.) बताया। जब पुलिस ने उससे हथियार के संबंध में वैध लाइसेंस या कोई अन्य दस्तावेज़ मांगा, तो आरोपी कोई भी प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका।

### आरोपी न्यायिक रिमांड पर भेजा गया

थाना प्रभारी राजेंद्र दीवान ने बताया कि आरोपी अजय पारधी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत अपराध कायम किया गया है। आरोपी अजय पारधी को गिरफ्तारी के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## निधन

### डेरहाराम पटेल



**आरंग।** नया रायपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम नवागांव (खपरी) के पूर्व उपसरपंच व सरपंच रहे तथा नया रायपुर किसान कल्याण समिति के संरक्षक व ग्राम के बैगा 84 वर्षीय डेरहाराम पटेल का बीते शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया, वे शांति बाई पटेल के पति व देवनारायण, महावीर व अंगद के पिता थे। अंतिम संस्कार शनिवार को पूर्वाह्न नवागांव मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# आत्मानंद सिलतरा स्कूल भवन लोकार्पित कुर्मी समाज फर्नीचर के लिए देगा 1 लाख



**तरपोंगी।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा ग्राम सिलतरा में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण दानदाताओं के सहयोग से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यअतिथि व समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने समाज की प्रगति के लिए नई रणनीति का एलान करते हुए स्पष्ट किया, अब समाज का कार्य दंड के पैसे से नहीं, बल्कि सक्षम लोगों के स्वेच्छिक दान और सहयोग से चलेगा। दंड लेकर समाज चलाने से समाज कभी फलित-फूलित नहीं होता। समाज चलाने के लिए नियत और उद्देश्य अच्छा होना चाहिए। उन्होंने स्कूल के उत्कृष्ट प्रबंधन की सराहना करते हुए विद्यालय के लिए फर्नीचर खरीदने हेतु तत्काल एक लाख रुपये देने की घोषणा भी की। सभा को समाज के संरक्षक के के नायक, पूर्व विधायक धरसींवा अनिता योगेंद्र शर्मा, पूर्व रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, धरसींवा राज प्रधान नीलमणि परगनिहा, पूर्व राज प्रधान दशरथ वर्मा तथा सरपंच प्रतिनिधि शांति राम कुमार वर्मा ने भी संबोधित किया।




### मोदी की गारंटी व साय के सुशासन में आई खुशहाली



**तिल्दा नेवरा।** भाजपा नेत्री एवं बलौदा बाजार विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ की जनता को बधाई दी है,जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास करके पुनः सत्ता सौंपी है। श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ को हम ही बनाए हैं,हम ही सवारेंगे के तहत छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार द्वारा विकास की नई कहानी लिखी जा रही है । छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूरी ईमानदारी के साथ मोदी की गारंटी को पूरा किया जा रहा है। जिसमें पीएम आवास योजना,कृषक उन्नति योजना के तहत25.49लाख किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी ,70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन की राशि तथा रामलला दर्शन योजना ।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज की बैठक आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज केंद्रीय समिति की आवश्यक बैठक अग्रोहा नगर स्थित समाज के अध्यक्ष दिवाकर तिवारी के निवास स्थल पर 2 नवंबर को शाम 4 बजे होगी। यह जानकारी समाज के वरिष्ठ महासचिव बिहारी लाल शर्मा ने देते हुए बताया कि इस बैठक में समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी शामिल होंगे।

## निधन

### जयंत औसर



**रायपुर।** रायपुरा निवासी जयंत औसर (36) का 31 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 नवंबर को महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे दिलीप औसर के पुत्र, उमेश औसर, पार्षद महेंद्र औसर, खेमेंद्र, रवि बाला, संदीप संजू, चंदन, चिंटू, तारेश, रिंकू, डुगेंद्र औसर के भाई थे।

### घनाराम ठाकरे



**रायपुर।** संतोषी नगर निवासी घनाराम ठाकरे (77) का 1 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे उमेश, हितेश, तपेश कुमार ठाकरे के पिता थे।

### हेमकुमार जायसवाल



**रायपुर।** चंगोराभाठा निवासी रिटायर्ड नायब तहसीलदार हेमकुमार जायसवाल का 1 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 2 नवंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अनुसूईया जायसवाल के पति और किशोर जायसवाल, उमेश जायसवाल के पिता थे।

# सेव के दाम ने चौंकाया, सप्ताहभर थोक में 35 और चिल्हर में 50 रुपए बिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सेव के दाम आमतौर पर कश्मीरी सेव आने के बाद कम हो जाते हैं, लेकिन इसके दाम इतने कम नहीं होते हैं, जितने इस बार एक सप्ताह तक कम रहे। एक सप्ताह तक कश्मीरी सेव थोक में 35 रुपए और चिल्हर में 50 रुपए तक बिका। इतने कम दाम ने ग्राहकों को चौंका दिया। सेव के ये दाम टमाटर के दाम के आसपास रहे। टमाटर भी कुछ समय से 40 से 50 रुपए किलो बिक रहा है।

सेव के दाम इतने कम होने के पीछे का कारण जानने हरिभूमि ने पड़ताल की, तो यह बात सामने आई कि कश्मीर से निकले सेवों के ट्रक रास्ते में फंस गए थे। ऐसे में यहां पर पहुंचा स्टॉक खराब होने की स्थिति में आ गया था। नुकसान से बचने के लिए कारोबारियों ने कम दाम में बेचकर स्टॉक समाप्त कर दिया। अब राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में अच्छी क्वालिटी का देशी और कश्मीरी सेव चिल्हर में 110 से 150 रुपए तक बिक रहा है, जबकि थोक में दाम 100 से 130 रुपए किलो हैं।

राजधानी रायपुर में पिछले कुछ दिनों से सेव के दाम देखकर ग्राहकों को यकीन नहीं हो रहा था कि इसके दाम इतने कम कैसे हो सकते हैं। ग्राहकों को यह बात समझ ही नहीं आ रही थी कि हमेशा सौ रुपए से ज्यादा में बिकने वाला कश्मीरी सेव कैसे अचानक 50 रुपए किलो में बिक रहा है। इसकी खबर हरिभूमि को लगने पर हरिभूमि ने इस मामले में पड़ताल की तो हकीकत सामने आई कि क्यों कर सेव के दाम इतने कम हो गए।

## अब दाम सौ रुपए के पार, अच्छा सेव डेढ़ सौ रुपए से कम नहीं



### खराब होने के डर से किए दाम कम

सेव के दाम इतने कम होने के बारे में जब थोक कारोबारियों से बात की गई तो यह बात सामने आई कि कश्मीर से देश के कई राज्यों के साथ छत्तीसगढ़ के लिए निकला करीब चार सौ ट्रकों का स्टॉक रास्ता खराब होने के कारण लंबे समय तक फंस गया। रास्ता ठीक होने के बाद जब रायपुर में करीब पांच ट्रकों का स्टॉक पहुंचा तो कारोबारियों ने देखा कि अगर इस स्टॉक को जल्द समाप्त नहीं किया गया तो सारे सेव खराब हो सकते हैं, ऐसे में इस स्टॉक को कारोबारियों ने कम कीमत पर बेच दिया। यही वजह रही कि कम कीमत में सेव मिलने के कारण चिल्हर कारोबारियों ने भी इस स्टॉक को कम कीमत में बेचना प्रारंभ किया ताकि उनका स्टॉक भी खराब न हो जाए। इसी कारण एक सप्ताह तक यह सेव चिल्हर में 50 रुपए किलो बिका।

# अघोषित रूप से दिनभर बंद रही शराब की दुकानें, रात को दो घंटे खुलीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



राजधानी रायपुर एवं अभनपुर ब्लॉक में संचालित सभी शासकीय शराब दुकानें दिनभर अघोषित रूप से बंद रहीं। ये दुकानें सीधे रात को 8 बजे खुलीं, जिसके कारण कई दुकानों में शराब खरीदने के लिए पियक्कड़ों की भीड़ टूट पड़ी। इधर अघोषित रूप से दुकानें बंद रहने के कारण पियक्कड़ भी शराब खरीदने के लिए दिनभर दुकानों के चक्कर काटते रहे। दुकानें बंद क्यों रहीं, इसका जवाब आबकारी विभाग के अधिकारी भी नहीं दे पा रहे हैं। एक अधिकारी ने तो सर्वर डाउन होने के कारण कुछ घंटे तक दुकान बंद होने की बात कही। इस तरह शराब दुकानें बंद होने की स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ पाई है।

- लगी पियक्कड़ों की भीड़

### 10 घंटे बंद रही दुकानें

रायपुर शहर, नवा रायपुर, अभनपुर क्षेत्र में संचालित शराब की सभी दुकानें शनिवार को सुबह खुली ही नहीं। ये सभी दुकानें रात 7.55 मिनट तक बंद रहीं। इसके बाद इन दुकानों को 2 घंटे के लिए खोला गया। रात 10 बजे निर्धारित समय पर दुकानें फिर बंद कर दी गईं। शराब दुकानों को बंद करने के लिए विभाग या जिला प्रशासन की ओर से एक दिन पूर्व तक कोई सूचना जारी नहीं की गई थी, जिसके कारण पियक्कड़ों को भी दुकानें बंद होने की खबर का पता नहीं चला। यही कारण है कि पियक्कड़ भी शराब खरीदने के लिए दिनभर अलग-अलग इलाकों की शराब दुकानों के खुले होने की संभावना जताते हुए चक्कर काटते रहे, लेकिन सभी जगह निराशा ही मिली।

### रात को दुकानें खुलते ही टूट पड़ी भीड़

सुबह से शाम तक दुकानें बंद होने के कारण ज्यादातर पियक्कड़ों की दुकान खुलने की उम्मीद टूट चुकी थी। इसके कारण रात 8 बजे जब दुकानें खुलीं तो कई दुकानों में शराब खरीदने वालों की भीड़ बहुत कम रही, तो कई दुकानों में भीड़ टूट पड़ी। रात में दुकान खुलने के बाद कई पियक्कड़ों ने दुकान के कर्मचारियों से दुकान बंद होने का कारण भी पूछा, लेकिन उनके द्वारा कारण नहीं बताया गया।

### राजस्व का नुकसान

सामान्य दिन में हर दिन रायपुर जिले में पांच करोड़ रुपए से अधिक की शराब बिक्री होती है। ऐसे में रायपुर और अभनपुर ब्लॉक की दुकानें बंद होने से 70 से 80 प्रतिशत शराब की बिक्री भी कम हुई है, जिससे शासन को राजस्व का नुकसान हुआ है।

# ड्यूटी के दौरान बिगड़ी तबीयत, राज्योत्सव स्थल पर हो रहा जरूरी इलाज, पहले दिन डेढ़ सौ की ओपीडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लगातार ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने पर कर्मचारियों को राज्योत्सव स्थल पर ही आवश्यक इलाज की सुविधा मिल रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए गए अस्थायी अस्पताल की पहले दिन की ओपीडी में डेढ़ सौ लोगों ने अपना इलाज कराया। यहां 10-10 बेड की आईपीडी में चक्कर आने की शिकायत पर एक मरीज को दाखिल भी किया गया। ओपीडी में आने वाले बदन दर्द, चक्कर और कमजोरी जैसी शिकायत के साथ पहुंच रहे थे।

- 10-10 बेड के दो अस्थायी हास्पिटल, चक्कर आने पर एक आईपीडी पहुंचा

स्वास्थ्य विभाग ने राज्योत्सव स्थल पर पांच दिनों तक जुटने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए वहां अस्थायी अस्पताल बनाया है। 10-10 बेड के इस अस्थायी हास्पिटल में जरूरी दवाओं के साथ प्रारंभिक जांच की मशीनें भी रखी गई हैं। यहां पांच दिनों तक 24 घंटे डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ अपनी सेवा देंगे। राज्य स्थापना के पहले दिन की ओपीडी में डेढ़ सौ मरीजों की जांच और इलाज किया गया।

ओपीडी में पहुंचने वाले ज्यादातर लोग राज्योत्सव में ड्यूटी करने वाले कर्मचारी थे, जो शरीर में दर्द, थकान जैसी शिकायत लेकर पहुंचे थे। दिनभर ड्यूटी कर रहे कई पुलिस कर्मियों ने भी वहां आकर अपनी बीपी-शुगर की जांच कराई। इस बीच मेला स्थल पर मौजूद एक कर्मचारी को चक्कर आने की शिकायत लेकर कुछ लोग अस्थायी हास्पिटल पहुंचे थे। युवक की जांच के बाद उसे कुछ देर भर्ती कर रखा गया, फिर स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।





### निजी अस्पताल के डाक्टर भी

पहले दिन राज्योत्सव स्थल पर सरकारी के साथ निजी अस्पताल के डाक्टरों को भी तैनात किया गया था। मेडिकल ऑफिसर आने वाले मरीजों की जांच करने के बाद उन्हें आवश्यक सलाह भी देते रहे। इसी तरह अन्य स्थानों पर भी लगाए गए स्वास्थ्य विभाग के अस्थायी कैंप में लोगों को बीपी-शुगर के साथ अन्य तरह की जरूरी दवाओं का वितरण किया गया। सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी ने मौजूदा स्टाफ को अस्पताल में जरूरी दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए हैं।

## बिजनेस साइट

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने घोषित किए सितंबर 2025 तिमाही परिणाम

**रायपुर।** सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने 30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही एवं छमाही के वित्तीय परिणाम जारी किए। बैंक ने बेहतर आस्ति गुणवत्ता और मजबूत व्यवसाय वृद्धि के साथ लाभप्रदता में स्थिरता बरकरार रखी है। वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में बैंक का निवल लाभ 4,809 करोड़ रुपये रहा, जो तिमाही-दर-तिमाही 5.9% की वृद्धि दर्शाता है। वहीं, पहली छमाही में यह 9,351 करोड़ रुपए रहा। बैंक की निवल ब्याज आय तिमाही में 11,954 करोड़ रुपये रही, जबकि गैर-ब्याज आय 3,515 करोड़ रुपये दर्ज की गई। बैंक की आस्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है सकल एनपीए घटकर 2.16% और निवल एनपीए 0.57% रह गया। बैंक का आरओए 1.07% और आरओई 15.37% रहा। व्यावसायिक रूप से, बैंक के वैश्विक अग्रिम 11.9% बढ़कर 12.79 लाख करोड़ रुपए और वैश्विक जमा 9.3% बढ़कर 15 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गए। मजबूत रिटेल, कृषि और एमएसएमई ऋण वृद्धि ने बैंक के प्रदर्शन को मजबूती दी है।

### फार्मेसी में कॅरियर अवसरों पर रावतपुरा का वेबिनार सफलतापूर्वक सम्पन्न



**रायपुर।** रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स (एसआरजीओआई) के प्लेसमेंट सेल द्वारा 'स्कोप ऑफ फॉर्मेसी आफ्टर ग्रेजुएशन- ऑपर्चुनिटीज एंड कॅरियर पाथ्स' विषय पर एक ज्ञानवर्धक वेबिनार का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जूम प्लेटफॉर्म और समूह के सभी कैंपस- सागर, झांसी, चित्रकूट, जबलपुर, कुम्हारी एवं धनेली में लाइव स्क्रीनिंग के माध्यम से एक साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ रविशंकरजी महाराज के आशीर्वाद से हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. वसंत घोलावे और डॉ. आरती सालुंखे ने फार्मेसी के विभिन्न करियर विकल्पों- उच्च शिक्षा, अनुसंधान, क्लीनिकल फार्मेसी, रेगुलेटरी अफेयर्स, उद्यमिता और उद्योग क्षेत्र पर विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने कौशल विकास, नवाचार और नैतिकता के महत्व पर बल दिया। लगभग 80 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से प्रश्न पूछे। कार्यक्रम का संचालन सुमित, साइमन जॉर्ज और डॉ. सीमा मैथ्यू के सहयोग से प्लेसमेंट सेल द्वारा किया गया।




### कराटे स्पर्धा में तृति और श्लोक ने जीता गोल्ड



**रायपुर।** महिला महाविद्यालय सेक्टर 9 भिलाई में गत दिनों आयोजित ओपन नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2025 में रायपुर के तृप्ति ने काटा फॉर्मेट में गोल्ड और कुमाइट फॉर्मेट में सिल्वर पदक जीता। वहीं श्लोक झा ने दोनों ही फॉर्मेट में गोल्ड पदक अपने नाम किया। दोनों ही खिलाड़ियों के कोच मनीष बाग, बरुण बाग और हिमांशु बरमाल उनके साथ उपस्थित रहे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# सिलेंडर-गैस की चोरी पर अंकुश लगाने 3 साल पहले लाया गया था क्यूआर कोड सिस्टम, अब तक लागू नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में तीन साल पहले एलपीजी सिलेंडरों में क्यूआर कोड सिस्टम लागू किया जाना था, जो अब तक नहीं हो पाया है। क्यूआर कोड सिस्टम से सिलेंडर को ट्रैक करने, गैस की चोरी रोकने से लेकर सिलेंडर वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने में मदद मिलेगी। इस सिस्टम को देशभर के राज्यों में लागू करने के लिए लाया गया है, लेकिन प्रदेश में यह सिस्टम अब तक लागू नहीं हो पाया है।

इसके कारण एलपीजी सिलेंडरों से गैस की चोरी, कालाबाजारी, ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी जैसी घटनाओं पर भी अंकुश लग नहीं पा रहा है। इधर इस मामले में खाद्य विभाग के सूत्रों का कहना है कि क्यूआर कोड सिस्टम को लागू कराने से संबंधित स्पष्ट आदेश जारी नहीं हुआ है। आदेश जारी होने पर इसे लागू किया जाएगा।

### उपभोक्ता चेक तक नहीं करते सिलेंडर का वजन

घरेलू एलपीजी खाली सिलेंडर का वजन 15.3 किलोग्राम होता है, वहीं उसमें 14.2 किलोग्राम की गैस भरी जाती है। इस तरह भरे हुए सिलेंडर का वजन लगभग 29.5 से 30.2 किलोग्राम होता है। सिलेंडर डिलीवरी के दौरान अक्सर देखा जाता है कि उपभोक्ता सिलेंडर का वजन चेक नहीं करता और एजेंसी पर भरोसा कर बिना वजन चेक कराए सिलेंडर ले लेता है। इसका फायदा कई वेंडर्स उठाते हैं और गोदाम से या फिर रास्ते में ही सिलेंडर से ग्राम या किलो में गैस की चोरी कर दोबारा सीलबंद कर उसकी डिलीवरी कर देते हैं। क्यूआर कोड सिस्टम लागू होने से उपभोक्ता को सही वजन वाला सिलेंडर मिलेगा।



### अभी कोई आदेश नहीं आया

क्यूआर कोड सिस्टम लागू होना है। इसे लेकर शासन से अभी कोई आदेश नहीं आया है। आदेश जारी होने के बाद ही लागू होगा।

\- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक रायपुर

### हर दिन लाखों में एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी

प्रदेश में हर दिन लाखों की संख्या में एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी एजेंसियों के माध्यम से की जाती है। रायपुर जिले में हर दिन लगभग दो लाख सिलेंडरों की डिलीवरी होती है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि गैस सिलेंडरों की खपत और मांग कितनी ज्यादा बढ़ चुकी है। हालांकि इसका एक बड़ा कारण घरेलू सिलेंडरों का उपयोग व्यवसाय में किए जाने लगा है। चाय-नाश्ता की दुकानों से लेकर गुमटी-ठेलों में घरेलू सिलेंडरों का लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके कारण घरेलू सिलेंडरों की कालाबाजारी भी थम नहीं पा रही है। वहीं कई एजेंसियों के गोदामों में कार्य करने वाले कर्मचारी भी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वालों से मिले हुए हैं, जो न केवल महंगे दाम पर गैस सिलेंडर ग्राहकों को उपलब्ध कराने में उनकी मदद कर पैसे कमा रहे हैं, बल्कि चोरी छिपे सिलेंडरों से गैस की चोरी भी करा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### दीपावली मिलन समारोह आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिल्वर होलसेल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 2 नवंबर को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दुर्ग में सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी संस्था के पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि हमारा उद्देश्य है एकता, आपसी सहयोग और व्यापारिक भाईचारे को मजबूत करना। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से सिल्वर व्यवसायी शामिल होंगे।

### राज्य स्थापना दिवस पर राज्यगीत बजाने शिवसेना की मांग पूरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शिवसेना ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के स्कूल, कॉलेज, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सरकारी कार्यालयों तथा सभी सार्वजनिक स्थलों पर छग के राज्यगीत "अरपा पैरी के धार" बजाने की राज्य शासन से अपील की थी। इस संबंध में प्रदेश महासिचव संजय नाग ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारी मांग पूरी होने पर राज्य शासन प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान धनंजय सिंह, मधुकर पाण्डेय, रेशम जांगड़े, सूरज साहू, एचएन सिंह पालीवार सहित समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

### महापौर ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ पर गोल्ड मेडल की बौछार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन और छग बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में महापौर ट्रॉफी नेशनल पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन बूढ़ेश्वर मंदिर भवन में किया गया, जिसमें छग की अंजना सिंह स्ट्रांग वूमेन ऑफ इंडिया बनीं, वहीं जबलपुर की मंजूलता इंगले मास्टर वूमेन ऑफ इंडिया बनीं। छग पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार एवं छग बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के महासचिव दुर्गेश साहू ने बताया कि अंजना सिंह ने 302.5 किलो वजन उठाकर दो गोल्ड पर कब्जा किया, जबकि सब जूनियर में देवश्री पैंकरा ने 220 किलो वजन उठाकर तीन गोल्ड हासिल किए, मास्टर वर्ग में जबलपुर की 65 वर्षीय महिला ने 150 किलो वजन उठाकर खिताब पर कब्जा किया, साथ ही संतोषी बेहरा को दो गोल्ड, यास्मीन कुरैशी, मंजूलता इंगले को तीन-तीन गोल्ड, लक्ष्मी देवी, प्रेरणा साहू, शालिनी को एक-एक गोल्ड मिला।

### बाइक चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** जिले के गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी ताराचंद यादव निवासी ग्राम सिंधौरीखुर्द, थाना कुरुद, जिला धमतरी को धर-दबोचा। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक बरामद कर ली गई है। पुलिस के अनुसार 25 अक्टूबर 2025 को बजरंगपुर निवासी देवक राम साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पुरानी पैशन-प्रो बाइक सीजी-04, केसी 6005, 13 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से 10.30 बजे के बीच डोंगीतराई मोड़ के पास से चोरी हो गई।

## निगम को एक माह में 26 आवेदन मिले, एनओसी नहीं लगाने से 1 को ही मिल पाई अनुमति

# धरना-प्रदर्शन हुआ मुश्किल, तीन विभागों का एनओसी, शुल्क भी लगेगा, कर्मचारी संगठन नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में सार्वजनिक स्थानों पर धरना प्रदर्शन करने तीन विभागों से एनओसी लेकर निर्धारित प्रारूप में नगर निगम को आवेदन देना होगा। यदि इसमें से एक भी विभाग की एनओसी नहीं हुई, तो नगर निगम इसके लिए आवेदन नहीं लेगा। पुलिस, फायरब्रिगेड, एडीएम से एनओसी को धरना प्रदर्शन की अनुमति के लिए अनिवार्य किया गया है। साथ ही धरना प्रदर्शन के लिए 500 रुपए का शुल्क और पंडाल लगाने के लिए 5 रुपए प्रति वर्गफीट की दर से राशि आवेदन के साथ नगर निगम में जमा करने पर ही इसकी अनुमति मिलेगी। इस नए सिस्टम को लेकर कर्मचारी संगठनों का विरोध शुरू हो गया है।

- तूता धरनास्थल पर संधारण कार्य 2 माह के लिए बंद
- शहर के बीच हक की आवाज उठाने का सिस्टम पेचीदा

दरअसल, नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर रखरखाव का कार्य एनआरडीए द्वारा कराया जा रहा है। इसके कारण जिला कलेक्टर के आदेश पर दो माह तक वहां पर धरना प्रदर्शन प्रतिबंधित है। इससे अपनी लंबित मांगों को लेकर शासन तक अपनी बात पहुंचाने वाले कर्मचारी संगठनों की परेशानी बढ़ गई है।



### इन्होंने ये कहा

**अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन : कौशलेंद्र तिवारी**

छत्तीसगढ़ संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कौशलेंद्र तिवारी ने कहा है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में आम आदमी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पूरा अधिकार है। ऐसे में यदि धरना प्रदर्शन के लिए पैसे लिए जा रहे हैं, तो यह गलत है। धरना प्रदर्शन की अनुमति देते समय नगर निगम 500 रुपए साफ-सफाई के लिए शुल्क ले रहा है ,जबकि नगर निगम का काम ही सफाई है, इसके लिए शुल्क क्यों? धरना प्रदर्शन मौलिक अधिकार है इसके लिए जिला प्रशासन की अनुमति पर्याप्त है, पर नए नियम में 3 विभागों से एनओसी अनिवार्य किया गया है जो कि उचित नहीं है। देश में हर चीज सिंगल विंडो से हो रहा है, ऐसे में अभिव्यक्ति की आजादी कम करने मल्टीविंडो क्यों? राजनीतिक दलों को प्रोटेस्ट करने और छोटे समूह, कर्मचारियों, दिव्यांगों की इससे परेशानी बढ़ेगी। तीन विभागों के पास एनओसी के लिए चक्कर लगाना पड़ेगा।

### धरना प्रदर्शन की हो वैकल्पिक व्यवस्था

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार साहू का कहना है धरना प्रदर्शन की अनुमति निःशुल्क दी जाए, शहर के बीच आंदोलन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था राज्य सरकार कर्मचारी हित में करे। शहर से दूर तूता धरना स्थल तक आने-जाने में किसान, मजदूर, छोटे-छोटे कर्मचारियों को काफी परेशानी होती है। सार्वजनिक स्थलों पर धरना प्रदर्शन के लिए पंडाल लगाने शुल्क लिया जाना सही नहीं है।

### पूर्व की तरह सिंगल आवेदन पर प्रदर्शन की अनुमति मिले

नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐडे ने शासन से मांग की है कि धरना प्रदर्शन, रैली और आमसभा के लिए पूर्व की तरह सिंगल आवेदन पर अनुमति दी जाए। अलग-अलग विभागों से एनओसी का सिस्टम पेचीदा है, इसे तत्काल निरस्त किया जाए, क्योंकि दूरदराज से कर्मचारी संगठन रायपुर में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन की अनुमति लेने यहां आते हैं, उन्हें तीन विभागों से एनओसी मांगना तर्कसंगत नही है। शासन से आग्रह है कि जनहित में धरना प्रदर्शन के लिए सरल प्रक्रिया के तहत अनुमति की व्यवस्था यथावत रहे।

# सहकारी समिति के कर्मचारी कल से संभाग स्तरीय आंदोलन पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर की 2058 सहकारी समितियों के 15 हजार कर्मचारी और 2729 धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर अपनी लंबित मांगों को लेकर 3 से 11 नवंबर तक संभाग स्तरीय आंदोलन कर शासन का ध्यान आकर्षित करेंगे। छत्तीसगढ़ के 5 संभागों में एक साथ हड़ताली कर्मचारी अपने अपने संभाग में प्रदर्शन करेंगे। रायपुर में संभाग स्तरीय प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने के कारण रायपुर संभाग के पांच जिलों के कर्मचारी महासमुंद में 3 नवंबर से 11 नवंबर तक प्रदर्शन करेंगे।

- प्रदेशभर की 15 हजार सहकारी समिति, 2729 धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर शामिल

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ और धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के संयुक्त आव्हान पर अपने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति के कर्मचारी 3 से 11 नवंबर तक संभाग स्तरीय आंदोलन कर विरोध जताएंगे। मांग पूरी नहीं होने पर प्रदेश भर में धान खरीदी का बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जाने की चेतावनी हड़ताली कर्मचारियों ने दी है।

कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान खरीदी के बाद संपूर्ण सूखत को मान्य कर संबंधित राशि समितियों को दिए जाने की मांग, आउट सोर्सिंग द्वारा कंप्यूटर आपरेटर नियोजन को विलोपित कर वर्षो से कार्य कर रहे धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटरों का विभाग तय नियमितीकरण की मांग शामिल है। इसके अलावा सहकारी समितियों के कर्मचारियों को वेतन देने प्रतिवर्ष प्रत्येक समितियों को 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान राशि देने की मांग की जा रही है।

### वेतन कटौती से नाराज धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर

प्रदेश भर के धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर 3 सूत्रीय मांगों को लेकर 3 नवंबर से संभाग स्तरीय आंदोलन कर शासन का ध्यान आकर्षित कराएंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 2058 धान उपार्जन सहकारी समितियों में कार्यरत 2729 कंप्यूटर आपरेटर वेतन कटौती से नाराज हैं। हमारी प्रमुख मांग 12 माह के वेतन की पूर्व व्यवस्था तुरंत बहाल करने, वेतन कटौती के निर्णय को तत्काल वापस लेने और विभाग तय कर संविलयन की मांग शामिल है।

# चैंबर के 650 से अधिक व्यापारियों ने जीएसटी मंच के पास प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर शनिवार को छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चैंबर के पदाधिकारियों व्यापारी संघों के प्रमुख और बड़ी संख्या में व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। चैंबर के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिवादन करते हुएजीएसटी 2.0 के लिये आभार व्यक्त किया।

- राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती पर जीएसटी 2.0 के लिए आभार व्यक्त

छग राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रायपुर आगमन पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने जीएसटी मंच के पास कतारबद्ध खड़े होकर प्रधानमंत्री का अभिवादन किया। इस अवसर पर चैंबर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीएसटी में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने प्रदेश के 12 लाख से अधिक व्यापारियों की ओर से जीएसटी प्रणाली में और अधिक सरलता, पारदर्शिता तथा व्यापारी-हितैषी बदलावों को लागू करने के लिए जीएसटी 2.0 के लिए धन्यवाद दिया। चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि जीएसटी 2.0 व्यापारियों के लिए व्यवसाय को और सुगम बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम होगा। श्री थौरानी ने कहा, छत्तीसगढ़ का व्यापारी समुदाय देश के आर्थिक विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



इस अवसर पर चैंबर संरक्षक श्रीचन्द सुन्दरानी, प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया, सलाहकार-लाभचंद बाफना, सरल मोदी, अमर गिदवानी, वाइस चेयरमेन चेतन तारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष- राधाकिशन सुन्दरानी, राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, कार्यकारी महामंत्री-कपिल दोशी, विकास आहूजा, उपाध्यक्ष- लोकेश चंद्रकांत जैन, दीपचंद कोटड़िया, दिलीप इसरानी, मनीज प्रजापति, संतोष जैन, सोनिया साहू, सुरेश भंसाली, दिनेश अठवानी,मंत्री-पंकज जैन, राजेंद्र पारख, महिला चैंबर कोषाध्यक्ष नम्रता अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल हुए।



### यदुवंशी चौक पर श्रीकृष्ण की गोमाता के साथ सुंदर आकृति

**रायपुर।** नगर निगम के जोन 8 स्थित वीर सावरकर नगर वार्ड के हीरापुर में समाजजनों की मौजूदगी में यदुवंशी चौक का लोकार्पण वार्ड पार्षद संदीप साहू ने किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा हीरापुर के इस चौक का 43 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण कर इसे सुंदर स्वरूप दिया गया है। चौक पर भगवान श्रीकृष्ण की 12 फीट ऊंचाई वाली आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। इसमें श्रीकृष्ण के साथ गोमाता की सुंदर आकृति देखते ही बन रही है। हीरापुर के इस चौक से होकर सोनडोंगरी, जरवाय, गुमा के लोगों का आना-जाना होता है। ऐसे में चौक का सौंदर्यीकरण होने से वार्डवासियों का उत्साह बढ़ा है।

- लोक निर्माण ने 43 लाख की लागत से किया सौंदर्यीकरण

# अमित जोगी को घर में किया नजरबंद राज्योत्सव के विरोध-प्रदर्शन पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के नेता अमित जोगी को शनिवार को छत्तीसगढ़ के 25वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने और मिनी माता के नाम की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने से रोक दिया गया। सुबह जैसे ही जोगी अपने निवास से निकल रहे थे, वैसे ही सिटी एसपी रमाकंत साहू और टीआई दीपक कुमार पासवान ने पहुंचकर उन्हें रोक दिया। उनके निवास पर ही उन्हें नजरबंद किया गया। उन्होंने यह पूछा कि उन्हें घर पर क्यों रोका जा रहा है, तो पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वे सरकार के निर्देशों का पालन कर रहे हैं और किसी भी व्यक्ति को काले कपड़े पहनने की अनुमति नहीं है। यह घटना उसकी अवधि समाप्त होने के बाद हुई, जो विधानसभा अध्यक्ष, राज्य सरकार और प्रधानमंत्री कार्यालय को नए विधानसभा भवन के लिए 'मिनी माता भवन' नाम सुनिश्चित करने के लिए दी गई थी।

- जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ ने जोगी बंगले में किया प्रार्थना और उपवास



### घर पर ही प्रार्थना और उपवास का निर्णय- अमित

जोगी ने बताया कि चूंकि हम किसी भी अप्रिय घटना से बचना चाहते थे, इसलिए घर पर प्रार्थना और उपवास करने का निर्णय लिया है। हम ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि वह सत्ता में बैठे लोगों को विपरीत आवाजों को गिरफ्तार करने के बजाय उन्हें सुनने का साहस दे। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूरे होने के उत्सव की भावना को ध्यान में रखते हुए उन्होंने व्यक्तिगत रूप से उन्हें रोकने के लिए भेजे गए पुलिसकर्मियों को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। यह कदम सरकार के कार्यों और विपक्ष की प्रतिक्रिया के बीच के अंतर को रेखांकित करता है।

**राजनीतिक नहीं नैतिक विरोध :** उन्होंने कहा कि यह कोई राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि एक नैतिक विरोध है। यह छत्तीसगढ़ की आत्मा के लिए एक संघर्ष है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोकतंत्र में काले कपड़े पहनना भी अपराध बन गया है। हमारा विरोध पूरी तरह से शांतिपूर्ण और प्रतीकात्मक था। बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान में प्रदत्त शांतिपूर्वक एकत्र होने और विरोध करने के मौलिक अधिकार की रक्षा के लिए यह अधिकार पवित्र है। गिरफ्तारी की इस कार्रवाई ने आंदोलन की भावना को दबाया नहीं है, बल्कि लोगों में अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत की रक्षा करने का संकल्प और मजबूत किया है।

## पेज 11 के शेष

### ट्रांजिट यार्ड के ....

लिए यहां ट्रांजिट यार्ड बनाते हैं या ट्रांजिट रूट मानकर गांजा तस्करी करते हैं, उनके संबंध में जब तक कोई पुख्ता जानकारी नहीं होती, पुलिस उन्हें नहीं पकड़ पाती।

**इन थानों में इस कारण गांजा के प्रकरण ज्यादा:** गांजा तस्करी के सबसे ज्यादा प्रकरण जीआरपी तथा टिकरापारा थाना में दर्ज होते हैं। इसका कारण गांजा तस्कर ओडिशा से गांजा लाने के बाद बस या रेल रूट से अपने क्षेत्र में गांजा ले जाते पकड़े जाते हैं। इस कारण से टिकरापारा तथा जीआरपी में गांजा तस्करी के ज्यादा प्रकरण दर्ज होते हैं।

### नागपुर भेजने बनाया ....

से तस्करी के माध्यम से गांजा रायपुर मंगाया। ऐसे ही अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर ओडिशा से डायरेक्ट अपने प्रदेश जाने के बजाय रायपुर आते हैं। रायपुर आने के बाद दूसरे साधन से गांजा तस्करी कर ले जाते हैं।

### कई राज्यों में ....

के गांजा तस्कर गांजा तस्करी कर ले जाते हैं। तस्कर पुलिस को चकमा देने गांजा तस्करी करने महिलाओं के साथ किशोर उम्र के बच्चों को प्रलोभन देकर गांजा तस्करी कराते हैं।

### ब्लू लेक में ....

की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाए। पानी में बहाव होने की वजह से दोनों पानी में बहते चले गए। पिकनिक मनाने गए अन्य छात्र अपने दोनों साथियों के आने का इंतजार करते रहे। काफी देर बाद जयेश तथा मृदुल के लेक से बाहर नहीं निकलने पर बुरी तरह से डर गए और आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। लोगों के माध्यम से पुलिस को छात्रों के डूबने की जानकारी मिली। जयेश की लाश शनिवार सुबह रेस्क्यू कर निकाली गई।

### आठ साल में ....

ब्लू लेक में सुरक्षा के लिए किसी तरह की बाउंड्री नहीं होने की वजह से वहां हादसा होता रहता है। ज्यादातर घटनाएं जुलाई से नवंबर के बीच घटित होती हैं।

### ब्रेकअप के बाद ....

लेकर रहने लगी। जनवरी में युवती खम्हारडीह में मकान किराए पर लेकर रहने लगी। इस दौरान दीपक युवती के साथ मारपीट करने लगा। मारपीट से परेशान होकर युवती ने दीपक से ब्रेकअप कर वापस अपनी मां के पास चली गई।

**बातचीत बंद करने से नाराज :** युवती ने पुलिस को बताया है कि दीपक से बातचीत बंद करने पर उसने अपना मोबाइल नंबर ब्लाक कराकर नया सिम लिया। इसके बाद दीपक ने आरती की मां के पास कॉल कर आरती से बात करने दबाव बनाया। बातचीत कराने इनकार करने पर दीपक आरती की मां के साथ गाली-गलौज करने लगा। शुक्रवार को आरती की मां काम करने जा रही थी। इस दौरान दीपक आरती की मां के करीब पहुंचा और उसके सिर पर हथौड़ा से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### बादल छंटने पर ....

तक प्रभावित हो गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में रात के तापमान में गिरावट आने से ठंड की वापसी होगी। शनिवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान 32.5 डिग्री राजनांदगांव का रिकार्ड का किया गया। वहीं पिछले चौबीस घंटे में पेंड्रा का तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड दर्ज किया गया।





हरिभूमि
रायपुर, रविवार 2 नवंबर 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

देवउठनी एकादशी पर रचाया भगवान....

## पहले दिन पहुंचे हजारों लोग, पारंपरिक कपड़ों और छत्तीसगढ़ी गीतों ने खींचा सबसे ज्यादा ध्यान

# राज्योत्सव का आगाज... सिंगर हंसराज ने बांधा समां, शिवभक्ति से गूंजा मंच

छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस पर नवा रायपुर में रजत जयंती मनाई जा रही है। पांच दिनों तक चलने वाले राज्योत्सव के पहले दिन शनिवार को बड़ी संख्या में शहरवासी और ग्रामीण मेला स्थल पहुंचे। इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से बनाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही छत्तीसगढ़ी संस्कृतिक प्रस्तुति का भी लुत्फ उठाया। रात के वक्त राज्योत्सव में लगे स्टॉल झालर लाइटों से जगमगा उठे थे।



**रायपुर।** बारिश के बाद भी हजारों की संख्या में लोग दोस्तों व परिवार के साथ भ्रमण के लिए पहुंचे थे। शनिवार की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र सिंगर हंसराज रघुवंशी के साथ प्रदेश के लोक कलाकारों की प्रस्तुति रही। सिंगर हंसराज ने भगवान भोलेनाथ के भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर सभी कार्यक्रम भक्तिमय कर दिया तो वहीं आरु साहू, पीसी लाल यादव, निर्मला ठाकुर, दुष्यंत हरमुंख समेत ऐश्वर्या पंडित ने अपनी मधुर आवाज से कार्यक्रम में समां बांधे रखा। देर रात तक चले कार्यक्रम के बाद भी स्टॉल पर रौनक देखने को मिली।

**आरबीआई ने सिखाई नकली नोट की पहचान, पुलिस स्टॉल पर दिखा थाने का कामकाज**





### मेरा भोला है भंडारी... पर झूम उठे दर्शक

राज्योत्सव की रंगारंग शाम को बारिश भी लोगों के जोश को कम नहीं कर सकी। मशहूर भजन गायक हंसराज रघुवंशी की प्रस्तुति सुनने के लिए भारी भीड़ जुटी रही। मंच पर आते ही उन्होंने.. रामराज आ गया... भजन से कार्यक्रम की शुरुआत की और फिर एक के बाद एक अपने हिट शिवभक्ति गीतों से समां बांध दिया। जैसे ही उन्होंने मेरा भोला है भंडारी... गाना शुरू किया, दर्शकों में उत्साह चरम पर पहुंच गया। लोग झूमने और थिरकने लगे। इस दौरान उन्होंने राधे-राधे बोलना, शिव समा रहे हैं मुझ में, अयोध्या आए मेरे सियाराम जैसे भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। करीब दो घंटे तक चले इस कार्यक्रम में रघुवंशी ने श्रोताओं की फरमाइश पर भी गाने गाए और अर्धरात्रि तक माहौल भक्तिमय बना रहा।







### लोग कर रहे अपने नोट की पहचान, असली है या नकली?

राज्योत्सव के मौके पर लगे विभागीय स्टॉल पर आरबीआई की प्रदर्शनी लोगों के बीच खास आकर्षण बनी हुई है। यहां लोग न सिर्फ जानकारी ले रहे हैं, बल्कि अपनी जेब से नोट निकालकर उसकी असली-नकली पहचान भी खुद कर रहे हैं। आरबीआई की टीम ने डिजिटल एलईडी डिस्प्ले के जरिए बताया कि नोट की 6 खास विशेषताओं से उसकी असलियत पहचानी जा सकती है। खासकर 500 के नोट को जब बायीं और दायी ओर हल्का मोड़ा जाता है तो उस पर छपा 500 का चिन्ह एक खास एंगल से ही दिखता है, जिसे नकली नोट में कॉपी करना लगभग नामुमकिन है। यहां स्टेप-बाय-स्टेप नोट चेक करने की प्रक्रिया बताई जा रही है। लोग उत्सुकता से अपने पर्स से नोट निकालकर उसे जांच रहे हैं और नोट की सुरक्षा से जुड़ी नई जानकारी भी हासिल कर रहे हैं।

### नए कानून से जुड़कर थाने की प्रक्रिया से हो रहे रूबरू





राज्योत्सव 2025 में पुलिस विभाग की ओर से लगाई गई अनोखी प्रदर्शनी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां एक थाने का मॉडल तैयार किया गया है, जिसमें असली पुलिस अधिकारी मौजूद हैं। लोग यहां आकर अपनी समस्याएं साझा कर रहे हैं और मौके पर समाधान भी पा रहे हैं। प्रदर्शनी में फिंगरप्रिंट स्कैनिंग की लाइव प्रक्रिया भी दिखाई जा रही है, जिसमें लोगों की फिंगरप्रिंट लेकर बताया जा रहा है कि भविष्य में ये कैसे अपराध की पहचान में मदद करेंगे। यदि कोई व्यक्ति देश के किसी भी कोने में अपराध करता है तो प्रिंट से उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी तुरंत मिल सकेगी। इसके अलावा यहां नए कानूनों और पुलिस थाने की कार्यप्रणाली से जुड़ी जानकारी दी जा रही है। एसपी कार्यालय से लेकर थाने के अंदर काम करने वाले सभी विभागों की कार्यशैली को प्रदर्शनी में दिखाया गया है।

### बॉलीवुड से गानों के ऑफर मिल रहे, लेकिन खुद के बनाए संगीत को देते हैं प्राथमिकता



हरिभूमि से खास बातचीत

राज्योत्सव में प्रस्तुति से पहले युवाओं के बीच भक्ति गीतों के चर्चित गायक हंसराज रघुवंशी ने हरिभूमि से खास बातचीत की। उन्होंने बताया कि उनके गानों की लोकप्रियता के बाद अब बॉलीवुड से भी ऑफर मिलने लगे हैं, लेकिन वो वही गाते हैं, जो दिल से अच्छा लगे। उन्होंने कहा कि मैं जो खुद बनाता हूं, उसे ज्यादा महत्व देता हूं। जो काम आत्मा को सुकून दे, वही करना चाहिए। कुछ फिल्मों में जरूर गाने गाए हैं और आगे भी कुछ प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। सफलता के पीछे अपनी मेहनत से ज्यादा भगवान भोलेनाथ की कृपा को मानते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे गानों की जो भी सफलता है, वह मेरी नहीं, शिव की कृपा है। मैं सिर्फ एक माध्यम हूं।

#### भोलेनाथ ने भक्ति गीतों के लिए चुना

भजन गायक हंसराज रघुवंशी का मानना है कि उन्हें भक्ति गीतों के लिए खुद भगवान भोलेनाथ ने चुना है। वे बताते हैं कि उनके पिता भी भजन गायक हैं और उन्हीं को देखकर उन्होंने गाना शुरू किया। वे कहते हैं कि मैं पहले हिंदी गाने गाना चाहता था, लेकिन अब लगता है कि भक्ति ही मेरा रास्ता है। लोगों की यह धारणा कि भजन गायक बहुत पैसे लेते हैं, उस पर रघुवंशी कहते हैं, हां, कुछ हद तक सही है, लेकिन एक भजन तैयार करने में अच्छी खासी टीम और खर्च भी लगता है। उनका मानना है कि भजन सुनने से मन को सुकून मिलता है और हर वर्ग को भक्ति संगीत सुनना चाहिए।

#### मेरे बाल नैचुरल, धोना भी आसान

गायक हंसराज रघुवंशी ने न सिर्फ संगीत, बल्कि अपने स्टाइल और रोजमर्रा की जिंदगी को लेकर भी दिलचस्प बातें साझा कीं। उन्होंने कहा कि आजकल कई युवा नकली लंबे बाल लगवा रहे हैं, जिन्हें धोना और संभालना मुश्किल हो जाता है, लेकिन मेरे बाल पूरी तरह नेचुरल हैं, इन्हें आप आराम से शैंपू से धो सकते हैं, कोई टेंशन नहीं। बालों की देखभाल को लेकर उन्होंने बताया कि ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती। साथ ही उन्होंने एक और शौक का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे खाना बनाना भी बहुत पसंद है। जब भी फुर्सत मिलती है, खुद के लिए कुछ बनाकर खाता हूं।



### अंतरिक्ष और ग्रहों की मिल रही जानकारी

राज्योत्सव 2025 में लगाई गई साइंस प्रदर्शनी युवाओं और बच्चों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां अंतरिक्ष से जुड़े यंत्र, ग्रहों को देखने वाले उपकरण और विज्ञान के रोचक मॉडल्स प्रदर्शित किए गए हैं, जो विज्ञान में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को काफी प्रभावित कर रहे हैं। प्रदर्शनी में वैज्ञानिक गतिविधियों को सरल भाषा में समझाया जा रहा है, ताकि छात्र इन्हें देख-समझकर भी सीख सकें।



### छत्तीसगढ़ी आभूषणों की चमक, पर्यटक हो रहे आकर्षित

पर्यटन विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में जहां छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की जानकारी दी जा रही है, वहीं राज्य के पारंपरिक आभूषणों की झलक लोगों को खासा लुभा रही है। प्रदर्शनी में कौड़ी की माथा पट्टी, पुतरी माला, सांटी, हंसली, खिनवा जैसे छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गहनों को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया है। ये गहने न सिर्फ यहां की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं, बल्कि आदिवासी जीवनशैली की पहचान भी हैं। अक्सर आम लोगों को इन आभूषणों की जानकारी नहीं होती, इसलिए यह प्रदर्शनी जानकारी और आकर्षण का केंद्र बन गई है। पर्यटक इन गहनों की तस्वीरें ले रहे हैं और इनके महत्व को जानने में रुचि दिखा रहे हैं।



### रेलवे की आधुनिक सुविधाओं की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा राज्योत्सव के रजत जयंती समारोह में लगाई गई रेलवे परियोजनाओं की विशेष प्रदर्शनी लोगों को खासा आकर्षित कर रही है। यहां रायपुर रेलवे स्टेशन का आधुनिक मॉडल प्रदर्शित किया गया है, जिसमें भविष्य में मिलने वाली अत्याधुनिक सुविधाओं की झलक लोगों को दी जा रही है। प्रदर्शनी में वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों की विशेषताएं और इन ट्रेनों में मिलने वाली सुविधाओं को भी विस्तार से बताया जा रहा है। साफ-सफाई, स्पीड, सुरक्षा और स्मार्ट तकनीक से जुड़ी जानकारी लेकर लोग रेलवे की इस डिजिटल और हाईटेक यात्रा से प्रभावित हो रहे हैं।

**सिटी लाइव**

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत परीक्षा प्रश्नपत्रों में एकरूपता लाने की पहल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल और एनसीईआरटी नई दिल्ली के संयुक्त प्रयास से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत परीक्षा प्रश्नपत्रों में एकरूपता लाने की पहल की जा रही है। इसी क्रम में छग बोर्ड अध्यक्ष रेणु जी. पिल्ले और सचिव पुष्पा साहू के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के ब्लूप्रिंट निर्माण प्रशिक्षण सह-कार्यशाला मंडल कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। एनसीईआरटी परख विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. इंद्राणी भादुरी एवं उपसचिव डॉ. बी. रघु के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में प्रश्नपत्र निर्माण, मॉडरेटर की भूमिका और पाठ्यक्रम से संबंधित प्रासंगिक चर्चा की गई। सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुमार साहू, मनीषी सिंह, शिवा सोमवंशी, अलका जैन, अहर्लिश पॉल, डॉ. रीता चौबे और डॉ. माधुरी बोरेकर ने प्रशिक्षण में भाग लिया और गुणवत्तायुक्त प्रश्नपत्र निर्माण हेतु ब्लूप्रिंट की जानकारी प्रदान की गई।

### नई नीति के तहत प्रश्नपत्र तैयार

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के लिए छह डोमेन आधारित नया ब्लूप्रिंट तैयार किया गया है। इसमें ज्ञानात्मक (तथ्य, परिभाषा, सिद्धांत, सूचना), अवबोधात्मक (अर्थ, व्याख्या, अंतर, वैचारिक समझ), अनुप्रयोगात्मक (संदर्भ और उदाहरण के माध्यम से समाधान), विश्लेषणात्मक (वर्गीकरण, तुलनात्मक अध्ययन, जानकारी का एकीकरण), मूल्यांकन (निर्णय, समीक्षा, निष्कर्ष, तर्क) और रचनात्मक (सृजन, योजना, पूर्वानुमान, परिकल्पना) प्रकार के प्रश्न शामिल हैं। कार्यशाला में प्रतिभागियों को ब्लूप्रिंट की अवधारणा, शैक्षिक उद्देश्यों के आधार पर प्रश्न निर्माण, प्रश्न प्रकार और संतुलित प्रश्नपत्र तैयार करने के चरणों पर प्रशिक्षण दिया गया है।

**लाइव इवेंट**

## स्टार्टअप बिल्डअप प्रोग्राम का उद्देश्य विद्यार्थियों के विचारों को मंच देना



**रायपुर।** एनआईटी में फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप ने देश के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक के साथ समझौता ज्ञापन किया है। इस समझौते के तहत एचडीएफसी बैंक एनआईटी में इनक्यूबेटेड स्टार्टअप्स का आधिकारिक बैंकिंग पार्टनर बनेगा। इस साझेदारी के तहत बैंक अपने विशेष "स्टार्टअप बिल्डअप" प्रोग्राम के माध्यम से शुरुआती और विकासशील स्टार्टअप्स को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं का पूरा सेट प्रदान करेगा। इसका उद्देश्य स्टार्टअप्स के लिए पूंजी तक आसान पहुंच, वित्तीय प्रबंधन में सरलता और कुशल बैंकिंग समाधान सुनिश्चित करना है। एमओयू में इनक्यूबेटेड स्टार्टअप्स को स्टार्टअप करंट अकाउंट, फिक्स्ड डिपॉजिट और निवेश विकल्प, क्रेडिट और खर्च प्रबंधन टूल्स, फॉरेक्स और व्यापार सेवाएं और टीम के सैलरी अकाउंट की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

### स्टार्टअप बिल्डअप प्रोग्राम की शुरुआत

एनआईटी रायपुर के फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप ने एचडीएफसी बैंक के साथ साझेदारी को औपचारिक रूप दिया। इस सहयोग से बैंक संस्थान के इनक्यूबेटेड स्टार्टअप्स के लिए आधिकारिक बैंकिंग पार्टनर बनेगा और अपने स्टार्टअप बिल्डअप प्रोग्राम के माध्यम से स्टार्टअप्स को वित्तीय समाधान प्रदान करेगा। इस अवसर पर बोर्ड निदेशक प्रो. एनवी रमना राव ने कहा कि यह सहयोग स्टार्टअप्स को आधुनिक और स्केलेबल वित्तीय उपकरणों से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि यह पहल नवाचार और सतत उद्यमशीलता के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के मिशन के अनुरूप है।

**इवेंट लाइव**

## अभिभावक और शिक्षक बैठक में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक



**रायपुर।** समता कॉलोनी स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में शनिवार को 'अभिभावक शिक्षक बैठक-आओ साथ चलें' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन और सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सशक्त संवाद स्थापित करना रहा। बैठक में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं परंपरा की खास झलक देखने को मिली, जहां छात्रों ने सभागार की सजावट छत्तीसगढ़ी थीम पर की।

### शिवनित्योदया के विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति

रायपुर। गुरु तरुण शर्मा व टीम ने समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। इस



आयोजन में रूस और एस्टोनिया जैसे देशों के साथ-साथ केरल, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश आदि अनेक भारतीय राज्यों के कलाकारों ने भाग लिया। रीति लाल ने नृत्य निपुणता, लय और भावाभिव्यक्ति से सबका हृदय जीतकर शास्त्रीय एकल नृत्य प्रतियोगिता में भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसके साथ ही,एन. आकांक्षा ने ओपन केटेगरी के अंतर्गत शास्त्रीय नृत्य में द्वितीय स्थान तथा शार्वी सिंह परिहार ने सेमी-क्लासिकल नृत्य में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने गुरु, विद्यालय तथा छत्तीसगढ़ का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया ।

### गन्ने का मंडप सजाया, आंवला, शकरकंद, सिंघाड़े का भोग लगाया

# देवउठनी एकादशी पर रचाया भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का विवाह, गन्ने के मंडप में पूरी की रस्में

देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर शहरभर में श्रद्धालुओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार तुलसी पूजन का आयोजन किया। सुबह से ही महिलाएं स्नान-ध्यान के बाद तुलसी विवाह की तैयारियों में जुटी रही। शनिवार को घरों में स्थापित तुलसी वृक्ष पर गन्ने का मंडप सजाकर मां तुलसी और भगवान शालिग्राम का मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न कराया गया। इस दौरान तुलसी चौरा को रंगोली और सोलह श्रृंगार से सजाया गया। मंगल गीतों और भजनों के बीच श्रद्धालुओं ने पूजन कर भगवान विष्णु से परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

**रायपुर।** श्रद्धालुओं ने मंगल गीतों और भजनों के बीच पूजा-अर्चना की और भगवान विष्णु से अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर पारंपरिक व सांस्कृतिक साज-सज्जा के साथ विवाह संस्कार संपन्न हुआ और छत्तीसगढ़ी रीति-रिवाज में विवाह गीतों की मधुर गूंज पूरे वातावरण को उल्लासमय बना रही थी। सिर्फ घरों में ही नहीं, बल्कि मंदिरों में भी सामूहिक तुलसी विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु एकजुट होकर पर्व में शामिल हुए। सुबह से ही बाजारों में रौनक देखने को मिली, हर घर में दीप प्रज्ज्वलित किए गए और तुलसी के चारों ओर परिक्रमा की गई। देवउठनी एकादशी के साथ ही विवाह, मांगलिक कार्यों और शुभ कार्यों की शुरुआत भी हुई। श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर पटाखे फोड़कर पर्व का आनंद उठाया और उल्लास के साथ त्योहार मनाया।



### संपूर्ण रीति-रिवाजों से हुआ विवाह

वनबंधु परिषद महिला समिति रायपुर चैप्टर द्वारा तुलसी-शालिग्राम विवाह महोत्सव महाराष्ट्र मंडल में हुआ। मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि आचार्य पं. हरीश मिश्रा इस आयोजन में मुख्य रूप से शामिल हुए। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल व महिला समिति अध्यक्ष कांता सिंघानिया ने बताया कि प्रातः 9 से 11:30 बजे तक वेदी पूजन किया गया, जिसके पश्चात पितृ पूजन एवं दोपहर 1.30 से 2.30 बजे तक फलाहारी भोजन के बाद 3 से 4.30 बजे तक तुलसी विवाह की कथा भक्तजनों ने सुनी। वहीं सचिव सरिता रेखानी ने बताया कि शाम 5 से 7 बजे तक ठाकुरजी की बारात निकालने के पश्चात रात्रि 8 बजे से तुलसी-शालिग्राम विवाह प्रारंभ हुआ, जहां माता के भजनों के साथ मंगलाचरण, शाकोचर शांकीर्तन, तुलसी दान, दहेज दान, फेरा आदि परंपराओं एवं रीति-रिवाजों का पालन करते हुए विवाह संपन्न कराया गया।





### सुआ लहकथे डार म..पर थिरकीं महिलाएं

हमारा प्रयास सबका विकास समिति की ओर से सामूहिक एकादशी पर्व का आयोजन किया गया। इस खास अवसर पर सभी छत्तीसगढ़ी परिधानों में नजर आईं। यहां सौ से अधिक महिलाओं ने सुआ लहकथे डार म पाका रे बिही म सुवा लहकथे...तुलसी के बिरवा ल चौरा म लगाले दीदी...जैसे लोकगीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अनुपन गार्डन में किया गया।

### फूलों से सजाया मंदिर परिसर

आकाशवाणी स्थित कालीमाता मंदिर और राजेंद्र नगर स्थित दुर्गा मंदिर में शनिवार को तुलसी विवाह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर आचार्यों की उपस्थिति में विवाह कार्य संपन्न कराया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर के आंगन में स्थापित तुलसी वृक्ष के समक्ष धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था, जिसमें रंगबिरंगी रंगोली, फूलों की माला और दीपों की रोशनी ने भक्तिमय माहौल बना दिया। आचार्यों के मार्गदर्शन में तुलसी विवाह की पारंपरिक रस्में संपन्न हुईं, जिसमें मंत्रोच्चार के साथ माता तुलसी और भगवान शालिग्राम का विवाह कराया गया।



# प्रांजल का रूट वेस्टर्स एप, क्लासरूम अब सीधे आपके मोबाइल पर मिलेगा



**रायपुर।** इन दिनों 8वीं से 12वीं कक्षा तक के बच्चों में पढ़ाई का तनाव अधिक है, क्योंकि वे बेहतर रिजल्ट के लिए स्कूल के बाद भी कई ट्यूशन क्लासेज ज्वॉइन कर खुद को सुधारने का प्रयास करते हैं। ऐसे में मध्यवर्गीय परिवारों में माता-पिता को बच्चों के बेहतर भविष्य और पढ़ाई की चिंता सताने लगती है। इस समस्या को देखते हुए ट्रिपल आईटी के छात्र प्रांजल शर्मा ने एजुकेशन सेक्टर में स्टार्टअप प्लान तैयार किया है, जहां वे मोबाइल एप्लीकेशन की मदद से घरों में शिक्षा की नई सुविधा देने का प्रयास कर रहे। इस इनोवेटिव प्लान की मदद से बच्चे स्किल बेस्ड एजुकेशन की ओर बढ़ सकते हैं। वर्तमान समय में भी अधिकांश स्कूलों में पुरानी शिक्षा पद्धति से ही पढ़ाई कराई जा रही है, जिसमें केवल बच्चों से रट्टा मारने की अपेक्षा की जाती है।

हरिभूमि से बातचीत के दौरान प्रांजल शर्मा ने कहा, अगर हम भारत के एजुकेशन सेक्टर की तुलना अमेरिका और चीन से करें तो अभी भी हम काफी पीछे हैं। ऐसे में इनोवेटिव लर्निंग आइडियाज के साथ '**रूट वेस्टर्स**' मोबाइल एप्लीकेशन तैयार किया। इसमें क्लासरूम की पढ़ाई एप्लीकेशन की मदद से गेम्स, थ्योरी, वीडियो और प्रोजेक्ट की तरह पढ़ने को मिल सकती है।

### अमेजन के रिसर्च हेड कर रहे प्लान को लीड

*छात्र ने बताया कि कॉलेज के शुरुआती दिनों में सीनियर के साथ मिलकर स्टार्टअप प्लान में 7 महीने काम किया, उस दौरान कम समय में ही 20 लाख का सेल तैयार किया था। यह मेरे जीवन का चेंजिंग पॉइंट था, जहां मैंने देखा कि कोडिंग से ज्यादा मुझे बिजनेस डेवलपमेंट में रुचि है। पांच दोस्तों ने मिलकर रूट वेस्टर्स एप का प्लान तैयार किया है। वर्तमान में अमेजन से रिसर्च एडं डेवलपमेंट टीम के हेड एप्लीकेशन प्लान को लीड कर रहे है। साथ ही शहर के एनएच गोयल स्कूल और कांगेर वैली स्कूल में भी काम शुरू किया है।*

### शिक्षा अब मोबाइल पर, आसान और इंटरैक्टिव

इस एप्लिकेशन की मदद से क्लासरूम की पढ़ाई को मोबाइल एप के माध्यम से गेम्स, थ्योरी, वीडियो, सेमिनार और प्रैक्टिकल नॉलेज के जरिए आसानी से सीखा जा सकता है। अब बच्चे खेल-खेल में ही कठिन टॉपिक्स को समझ सकेंगे। टीचर्स क्रिएटिव तरीके से सब्जेक्ट टॉपिक्स को वीडियो फॉर्म में तैयार कर अपलोड कर सकते हैं। हमने इस एप्लिकेशन को आठ महीने पहले बनाना शुरू किया था और अगले एक महीने में इसे स्कूलों में लागू कर दिया जाएगा। टीम में प्रांजल शर्मा, प्रतीक अग्रवाल, अतिक अग्रवाल, आद्विक श्रीवास्तव और आर्यांश वर्मा हैं।

# नानक नाम चढ़दी कला तेरे भाणे सरबत दा भला

### श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व पर भव्य नगर कीर्तन



**रायपुर।** सिखों के प्रथम गुरु, गुरुनानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व के अवसर पर इस वर्ष भी भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। यह नगर कीर्तन रविवार 2 नवंबर को दोपहर 1.30 बजे से गुरुद्वारा स्टेशन रोड से प्रारंभ होगा, जो नगर भ्रमण करते हुए श्री गुरुनानक चौक, शारदा चौक, जयस्तंभ चौक, शास्त्री चौक, मरीन ड्राइव होते हुए शाम 7.30 बजे गुरुद्वारा श्यामनगर पहुंचेगा। राजनांदगांव में निर्मित पालकी साहिब में करतारपुर साहिब की सुंदर झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी।

### पंज प्यारे की अगवाई में निकलेगी कीर्तन यात्रा

*नगर कीर्तन की अगवाई पंज प्यारे करेंगे और श्री गुरुग्रंथ साहिब की सरपरस्ती में यह शोभायात्रा खालसाई शान से सम्पन्न होगी। पंजाब से शामिल हुए गतका दल, पंजाब बैंड, जगदलपुर के आदिवासी नृत्य दल और झांकियां कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति स्टेशन रोड के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने समाज के सभी वर्गों से नगर कीर्तन में सहभागिता की अपील की है।*

**कार्नर न्यूज**

### मुख्यमंत्री करेंगे सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स का सम्मान

# महादेवघाट पर भव्य कार्तिक पुन्नी मेला खारुन की दिव्य महाआरती से सजेगी शाम





**रायपुर।** खारुन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन एवं कार्तिक पुन्नी मेला आयोजन समिति द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 'कार्तिक पुन्नी मेला' महापर्व का आयोजन 4-5 नवंबर को किया जा रहा है। इस दौरान मुख्य आकर्षण का केंद्र 'सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स मीट' कार्यक्रम का विशेष आयोजन है, जहां प्रदेशभर के इनफ्लुएंसर्स को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सम्मानित करेंगे। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि कार्तिक पुन्नी पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं पारंपरिक मान्यताओं से सबंधित जानकारी साझा करने वाले नवयुवकों का सम्मान किया जाने वाला है। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और अन्य कैबिनेट मंत्री भी शामिल होंगे।

समिति के अध्यक्ष पिंकेश्वर साहू ने बताया कि कार्तिक पुन्नी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए महादेवघाट पर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। नगर प्रशासन द्वारा स्नान, पूजन और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि भक्तजन सुगमता से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर सकें। घाट पर सफाई, प्रकाश व्यवस्था और आवश्यक सुविधाओं का कार्य अंतिम चरण में है। इस शुभ अवसर पर हाटकेश्वर महादेव मंदिर, कालीमाता मंदिर, श्रीकृष्ण मंदिर व श्रीराम मंदिर में भी विशेष सजावट की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य समन्वयक रतन चक्रधर, संरक्षक महंत सुरेश गिरी गोस्वामी, महंत राघवेंद्र गिरी और समिति के सचिव नंदकुमार चक्रधारी आयोजन का संचालन करेंगे।

### प्रदेशभर के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति

प्रथम दिन 4 नवंबर मंगलवार को दिव्य खारुन महाआरती का आयोजन शाम 6.30 बजे किया गया है, वहीं सांस्कृतिक आयोजनों में प्रदेशभर के मशहूर कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। इस वर्ष लोक मंजरी लोककला मंच एवं जागरण समिति और लोक पुरानिक लहर गंगा की ओर से रातभर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। कलाकार सुनीता, मोहित साहू, प्रकाश अवस्थी, अनिकृति चौहान, नीलेश साहू मंच पर मौजूद रहेंगे।

### कार्तिक पुन्नी महास्नान की तैयारी जोरों पर

समिति के संरक्षक महंत सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि पुन्नी पर्व पर हाटकेश्वर महादेव मंदिर के कपाट ब्रह्म मुहूर्त से ही खोल दिए जाएंगे। श्रद्धालु सुबह-सुबह परंपरा के अनुसार स्नान कर भगवान महादेव का जलाभिषेक और धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हो सकेंगे। इस दिन धार्मिक वातावरण में भक्ति और आस्था का संगम देखने को मिलेगा, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं की लंबी कतार मंदिर प्रांगण में लगी रहती है।

## हेल्थ टिप्स

## मधुमेह भी हो सकती है त्वचा में होने वाली समस्याओं की वजह



त्वचा में खुजली, खुस्की, लालिमा जैसी समस्याएं होना सामान्य है, ये किसी एलर्जी, प्रतिक्रिया या बीमारियों के कारण हो सकती है। पर हर बार इन समस्याओं को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। त्वचा की कुछ समस्याएं अंतर्निहित बीमारियों का संकेत भी हो सकती हैं जिसके बारे में गंभीरता से ध्यान दिया जाना आवश्यक हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, त्वचा में खुजली, ड्राई स्किन जैसी समस्याएं रक्त संचरण की समस्याओं के कारण हो सकती हैं और परिसंचरण में होने वाली समस्याएं गंभीर समस्याकारक भी हो सकती है, इसलिए इनपर ध्यान दिया जाना बहुत आवश्यक है।

डॉक्टर कहते हैं, मधुमेह जैसी क्रोनिक बीमारियों की स्थिति में त्वचा से संबंधित विकारों का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। डायबिटीज की स्थिति वाले कुछ लोगों में त्वचा की समस्याएं गंभीर रूप भी ले सकती हैं। यदि आपका भी ब्लड शुगर लेवल अक्सर अनियंत्रित रहता है तो इन समस्याओं पर गौर करना बहुत आवश्यक हो जाता है। आइए जानते हैं कि डायबिटीज वाले लोगों में त्वचा की किन समस्याओं को जोखिम अधिक हो सकता है?



### त्वचा पर छालों की समस्या

मधुमेह वाले लोगों में त्वचा पर छाले होने की दिक्कत काफी आम है, इसमें हाथों की उंगलियों, पैर की उंगलियों, हाथों, पैरों में छाले होने लगते हैं। आमतौर पर ये छाले सफेद होते हैं। छाले डरावने लग सकते हैं, लेकिन वे आम तौर पर दर्द नहीं देते और लगभग दो-तीन सप्ताह में अपने आप ठीक हो जाते हैं। ये छाले इस बात का संकेत हो सकते हैं कि आपको मधुमेह है या आपके ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित नहीं है। इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना आवश्यक माना जाता है।

### डिजिटल स्केलेरोसिस

मधुमेह के शिकार लोगों में डिजिटल



स्केलेरोसिस होने का खतरा भी काफी आम होता है, जिसमें आपकी त्वचा सामान्य से मोटी हो जाती है। टाइप-1 और टाइप-2 दोनों प्रकार के डायबिटीज के शिकार लोगों में ये समस्या हो सकती हैं। हाथों के पीछे या उंगलियों या पैर की उंगलियों पर त्वचा मोटी और मोम नुमा हो सकती है। अगर आपके ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित नहीं रहता है तो इस रोग के विकसित होने का जोखिम अधिक होती है।

### नेक्रोबायोसिस लिपोइडिका

नेक्रोबायोसिस का मतलब है कोशिकाओं



का डेड होना। आपकी त्वचा पर छोटे, उभरे हुए, लाल धब्बे धीरे-धीरे बड़े और चमकदार हो जाते हैं और कभी-कभी पीले हो जाते हैं। इसमें त्वचा पतली और फट भी सकती है, जिससे घाव हो सकते हैं जिसमें अल्सर होने का भी खतरा देखा जाता रहा है। वैसे तो इस तरह के मामले काफी दुर्लभ है, मधुमेह से पीड़ित 300 लोगों में से केवल एक को ही यह बीमारी होती है। मधुमेह रोगियों को त्वचा की समस्याओं पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जाती है।

## आंखें होती हैं आपकी सेहत का दर्पण

# बार-बार आंखों में दर्द होना सामान्य नहीं, गंभीर रोगों की वजह से भी हो सकती है ऐसी समस्या

अगर आपको आंखों में दर्द है, तो यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि समय रहते आप इसका इलाज प्राप्त करें। दर्द की स्थिति कई बार गंभीर रोगों के कारण भी हो सकती है जिसपर ध्यान दिया जाना आवश्यक है। आंखें शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं इसी की मदद से हम दुनिया की खूबसूरती का आनंद ले पाते हैं। हालांकि समय के साथ आंखों में कई प्रकार की दिक्कतें बढ़ती जा रही है। आंखों की कुछ बीमारियों, संक्रमण या फिर चोट के कारण आपको दर्द की समस्या महसूस होती रह सकती है। आंखों में दर्द के साथ आमतौर पर कई अन्य लक्षण जैसे आंखों की लालिमा, खुजली, और सूजन की दिक्कत भी हो सकती है। इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान देना आवश्यक हो जाता है।

मौजूदा समय में आंखों पर सबसे ज्यादा दबाव स्क्रीन टाइम के कारण पड़ रहा है। मोबाइल, लैपटॉप और टीवी के सामने लंबा समय बिताना आंखों को थका देता है। विशेषज्ञों के अनुसार, लगातार 2-3 घंटे स्क्रीन देखने के बाद आंखों में सूखापन, दर्द और जलन जैसी दिक्कतें होना आम है। इसके अलावा, प्रदूषण, नींद की कमी, ड्राई आई सिंड्रोम और कंजक्टिवाइटिस जैसी स्थितियां भी आंखों में दर्द की वजह बन



सकती हैं। नेत्र रोग विशेषज्ञ बताते हैं कि आंखों में बार-बार दर्द होना या धुंधला दिखने को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए क्योंकि यह लक्षण ग लू को मा , कॉर्नियल अल्सर या किसी संक्रमण से भी जुड़े हो सकते हैं। इनका समय पर इलाज न मिलने पर आंखों की रोशनी तक जा सकती है।



### आंखों में दर्द और अन्य समस्याएं

आंखों में दर्द, कुछ प्रकार की बीमारियों के कारण भी हो सकता है। कंजेक्टिवाइटिस जिसे पिंक आई भी कहा जाता है, ये इसका सबसे प्रमुख कारक है। इसके अलावा चोट के कारण भी आंखों की सतह क्षतिग्रस्त हो जाती है, जिससे दर्द हो सकता है। इंफेक्शन या प्रदूषण भी आंखों के लिए समस्याएं बढ़ाने वाली होती है। ये समस्याएं भले ही सामान्य नजर आती हैं पर अगर इसपर ध्यान न दिया जाए या फिर डॉक्टरी सलाह से उपचार न किया जाए तो इससे आंखों की गंभीर बीमारी का खतरा भी बढ़ जाता है।

### आंखों पर जरूरत से ज्यादा दबाव

लंबे समय तक मोबाइल, कंप्यूटर या टीवी स्क्रीन देखने से आंखों पर लगातार दबाव पड़ता है। इस स्थिति को डिजिटल आई स्ट्रेन कहा जाता है। इससे आंखों में दर्द, सिरदर्द, धुंधला दिखना और पानी आना जैसी समस्याएं होती हैं। जब आप बिना ब्रेक लिए घंटों स्क्रीन पर काम करते हैं, तो पलकें कम झपकती हैं, जिससे आंखें सूख जाती हैं। इसके कारण भी आपकी आंखों में दर्द हो सकता है।



### ग्लूकोमा की बढ़ती समस्या

ग्लूकोमा एक गंभीर नेत्र रोग है जिसमें आंखों के अंदर का दबाव बढ़ जाता है, जिससे ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचता है। इसके शुरुआती लक्षणों में हल्का दर्द, धुंधला दिखना, सिरदर्द और कभी-कभी मतली शामिल हैं। यह धीरे-धीरे दृष्टि को स्थायी नुकसान पहुंचा सकता है। समय रहते इसका इलाज न कराया जाए तो आंखों की रोशनी तक जा सकती है।

### कहीं आंखों में कोई संक्रमण तो नहीं?

जब आप अपने हाथों से आंखों को रगड़ते हैं तो आंखों में वायरस, बैक्टीरिया प्रवेश करके संक्रमण पैदा कर सकते हैं। आंखों में संक्रमण की समस्या आमतौर पर हल्के दर्द, लालिमा और खुजली के साथ शुरू होती है।

# घर में रखा ये पौधा बन सकता है आपकी समृद्धि का कारण

घर में कई अलग पौधों को लगाना विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। अगर आप भी अपने घर में इन पौधों को सही स्थान पर रखती हैं तो आपके जीवन में सदैव खुशहाली बनी रहती है। अपनी खूबसूरत जेल से भरी पत्तियों और कई सौंदर्य सामग्रियों में से एक एलोवेरा का पौधा आपके घर के लिए भी कई तरह से उपयोगी माना जाता है। इस पौधे की पत्तियां घर की खूबसूरती बढ़ाने के साथ घर के वास्तु के लिए भी शुभ मानी जाती हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार आपके घर के भीतर वस्तुओं का स्थान महत्वपूर्ण माना जाता है और इन्हें करीने से रखने से घर में सकरात्मक ऊर्जा का वास होता है। यदि आप वास्तु के अनुसार घर में कुछ पौधों को सही स्थान पर रखती हैं तो ये हमेशा आपकी समृद्धि का कारण बन सकते हैं। इन्हीं पौधों में से एक है एलोवेरा का पौधा। यदि आप इस पौधे को वास्तु नियमों के अनुसार सही दिशा में रखती हैं तो आपके घर में सदैव खुशहाली बनी रहती है। आइए वास्तु एक्सपर्ट डॉ मधु कोटिया से जानें घर में एलोवेरा का पौधा रखने के सही स्थान और दिशा के बारे में जिससे ये वास्तु दोषों को दूर करने में आपकी मदद कर सके।



किस दिशा में लगाएं एलोवेरा का पौधा

वास्तु के अनुसार आपके घर का उत्तर-पूर्व कोना सबसे शुभ माना जाता है और सकारात्मक ऊर्जा और खुशहाली से जुड़ा होता है। यदि आप अपने घर में एलोवेरा के पौधे को इस कोने में रखती हैं तो यह घर के लोगों के बीच सद्भाव जो भावना जागृत करने में मदद करता है। इससे घर में शांतिपूर्ण माहौल बना रहता है और ये घर के लोगों को भी मानसिक शांति प्रदान करता है। यदि घर का पूर्वोत्तर कोना आपके एलोवेरा के पौधे को रखने के लिए उपयुक्त नहीं है तो इसे पूर्व या उत्तर की तरफ वाली खिड़की के पास रखें। ये दिशाएं सकारात्मक ऊर्जा से भी जुड़ी होती हैं और यह पौधा प्राकृतिक रोशनी से खिला हुआ भी रहता है।

### घर के इस स्थान पर न रखें एलोवेरा का पौधा

एलोवेरा एक ऐसा पौधा है जिसे आप घर के अलग स्थानों पर रख सकती हैं, लेकिन घर के कुछ ऐसे हिस्से भी हैं जहां इसे रखने की मनाही होती है। यदि हम बात करते हैं इस पौधे के लिए अनुचित स्थान की तो इसके लिए सबसे अनुपयुक्त स्थान घर के बेडरूम को माना जाता है।

# दिवाली की पूजा में बच गई हैं खील तो उसे फेकें नहीं, तैयार करें ये स्वादिष्ट पकवान





दिवाली की पूज में खीलों का काफी महत्व होता है। लेकिन पूजा के बाद इन्हें कोई खाता नहीं है। अगर आपके पास भी खील बची हुई हैं, तो ये लेख आपके काम का है। हम यहां आपको खील से बनने वाली कुछ रेसिपी के बारे में बताएंगे। दिवाली पर लक्ष्मी-गणेश की पूजा में खील और बताशों का विशेष महत्व होता है। इनका प्रयोग पूजन में समृद्धि, शुभता और पवित्रता के प्रतीक के रूप में किया जाता है। लेकिन अक्सर पूजा के बाद खील बच जाती है और लोग नहीं जानते कि इनका क्या किया जाए। ऐसे में खील को फेंकने की बजाय उनसे स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जा सकते हैं। दिवाली पर आने वाली खील न सिर्फ हल्की और पौष्टिक होती है, बल्कि इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट शरीर को तुरंत ऊर्जा भी देता है। अगर आपके घर में भी दिवाली की पूजा के बाद खील बची हुई हैं, तो उन्हें इस्तेमाल करने के ये आसान और स्वादिष्ट तरीके आपके लिए परफेक्ट हैं। इनसे आप झटपट स्नैक्स, मीठा या नाश्ता तैयार कर सकते हैं, जो बच्चों और बड़ों सभी को पसंद आएगा। आइए आपको कुछ पकवानों के बारे में बताते हैं।

चिवड़ाः चिवड़ा यानी कि पोहा, खील में हल्के के पानी के छींटें डालकर उसे गीला कर लें। इसके बाद एक कढ़ाही में तेल डालकर गीली खथील, मूंगफली, भुनी चना दाल, करी पत्ता, थोड़ा नमक, लाल मिर्च पाउडर और हल्का सा नींबू रस डालकर मिक्स करें। मसालेदार चिवड़ा तैयार है। आखिर में ऊपर से इसमें नमकीन डालकर सर्व करें।

भेलपुरीः खील में प्याज, टमाटर, उबले आलू, हरी मिर्च, नमक, नींबू का रस और थोड़ा चाट मसाला मिलाएं। ऊपर से हरी धनिया और सेव डालें। झटपट बनने वाली चटपटी भेल सभी को पसंद आएगी। इसे तुरंत ही परोसें, वरना ये सील जाएगी।



# सेहत की दुश्मन होती हैं आपकी आदतें, आज से ही कर लें सुधार

आज के दौर में हर कोई किसी न किसी बीमारी से जरूर परेशान है। कोई मोटापे से परेशान है तो किसी को डायबिटीज की समस्या है। इन सभी समस्याओं के लिए हम खुद ही जिम्मेदार हैं। हमारी कुछ ऐसी आदतें हैं जो सेहत को धीरे-धीरे खराब कर रही है और इसके बारे में हमें जानकारी तक नहीं है। हम जानेंगे हमारी वो तीन आदतें जो सेहत को बर्बाद कर रही है।

### रात की खराब रूटीन

आपकी रात की खराब रूटीन आपकी खराब सेहत के लिए जिम्मेदार होती है। इसमें डिनर टाइम पर न करना, देर रात सोना या बिल्कुल ही नहीं सोना, आधी रात में स्नैक्स खाना, देर रात तक फोन चलाना, और सुबह के 4 बजते सो जाना शामिल है। अगर आपका भी रूटीन ऐसा है तो आपको खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए, इससे आप मोटापे के शिकार हो सकते हैं, दिल की सेहत प्रभावित होती है, ब्रेन फंक्शन खराब हो सकता है।



### खान पान का तरीका

आपके खाने पीने का तरीका भी आपकी सेहत को प्रभावित करती है। इसके अंदर भी कई सारे फैक्टर शामिल है जैसे वक्त पर नाश्ता या खाना न खाना, इसके अलावा आप बिंज ईटिंग करते हैं, फास्ट और पैक्ड फूड खाते हैं, या हर थोड़ी देर पर कुछ न कुछ खाते हैं, पानी बहुत ही कम पीते हैं, प्रोटीन का इंटेक कम करते हैं तो भी आपकी सेहत पूरी तरह से बर्बाद हो सकती है। ये आदतें आपको आगे चल कर गंभीर रूप से बीमार बना सकती है।

### नकारात्मक सोंच


सिर्फ गलत खान पान या गलत रूटीन ही नहीं हेल्थ को प्रभावित करती है। आपकी नकारात्मक सोंच भी आपके फिजिकल हेल्थ पर असर डालती है। बहुत ज्यादा सोचना, बात-बात पर चिंता करना, दूसरों से जलना, गुस्सा करना भी आपके मेंटल और फिजिकल हेल्थ को बुरी तरह से डैमेज कर सकता है। आगे चल कर आप मानसिक बीमारी के शिकार हो सकते हैं। एक्सपर्ट कहती हैं कि ये एक फैक्ट है कि कोई भी बिल्कुल परफेक्ट नहीं हो सकता है लेकिन अपनी आदतों में बदलाव ला कर अपनी हेल्थ को खराब होने से हम जरूर बचा सकते हैं। सेलेब्रिटी न्यूट्रीशनिस्ट सुमन अग्रवाल ने हाल ही में अपने एक वीडियो के माध्यम से लोगों को बताया कि आजकल के युवाओं में पेट से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही है। इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे खराब खान पान, शराब का ज्यादा सेवन करना स्ट्रेस आदि। ऐसे में अनहेल्दी गट हेल्थ दूसरी बीमारियों की भी वजह बन सकता है।

### दिन भर कड़ी मेहनत करना

ज्यादतर लोग दिन भर दफ्तर में बैठकर काम करते हैं। दिन भर कड़ी मेहनत करने के बाद अगर आपको लगता है कि रात को पार्टी करने से आप रिलैक्स महसूस करेंगे तो यह कुछ हद तक सही है। हालांकि पार्टीज में आप ढेर सारा ऐसा खाना खाते हैं जो आपकी गट हेल्थ के लिए सही नहीं होता है। यदि आप लेट नाइट पार्टी करते हैं और दूसरे दिन फिर सुबह काम पर चले जाते हैं तो इससे एसिड बैलेंस नहीं होता है और पूरा गट माइक्रोबायोम बदल जाता है।



















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'बीइंग एडी' डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज, एडी मर्फी की शानदार एक्टिंग जर्नी की मिली झलक



नेटफ्लिक्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर डॉक्यूमेंट्री 'बीइंग एडी' का ट्रेलर जारी किया। इस वीडियो पोस्ट के साथ एक कैप्शन भी साझा किया गया है। जिसमें लिखा है, 'वास्तविक और बेबाक।' इस डॉक्यूमेंट्री के जरिए एक्टर एडी मर्फी की पूरी करियर जर्नी को, एचीवमेंट्स को समेटा गया है। 'बीइंग एडी' का प्रीमियर 12 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर होगा।'बीइंग एडी' डॉक्यूमेंट्री के ट्रेलर में एडी मर्फी के शुरुआती करियर से लेकर अब तक की एक्टिंग जर्नी को दिखाया गया। ट्रेलर में कई नामी एक्टर, डायरेक्टर, सिंगर भी नजर आए, जो एडी मर्फी के बारे में कई बातें साझा करते दिखे। साथ ही एडी अपनी जुबानी भी कई बातें बताते हुए नजर आए। इस डॉक्यूमेंट्री को दो एकेडमी अवॉर्ड जीतने वाले डायरेक्टर एंगस वॉल ने बनाया है। पिछले दिनों उन्होंने बताया था कि एडी मर्फी ने अपने चालीस साल के करियर में कई किरदार निभाए। पहली बार वह खुद के किरदार में दिखेंगे।

### टॉलीवुड

## मोहनलाल के बेटे की फिल्म 'डाइस इरा' को दर्शकों ने बताया करियर बेस्ट



मलयालम अभिनेता प्रणव मोहनलाल की हॉरर फिल्म 'डाइस इरा' आज शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म को देख नेटिजंस एक्स पर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। राहुल सदाशिवन द्वारा निर्देशित मलयालम फिल्म 'डाइस इरा'31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस हॉरर फिल्म की कहानी और प्रणव मोहनलाल का अभिनय दर्शकों को प्रभावित कर रही है। फिल्म को देख नेटिजंस एक्स पर इसे मास्टरपीस फिल्म बता रहे हैं। साउथ अभिनेता प्रणव मोहनलाल, जो सुपरस्टार मोहनलाल के बेटे हैं। उनकी फिल्म 'डाइस इरा' को दर्शकों द्वारा पसंद की जा रही है। एक यूजर ने इसे मास्टपीस बताया। इसके अलावा एक यूजर ने प्रणव मोहनलाल की इसे सबसे अच्छी फिल्मों में से एक बताया। फिल्म 'डाइस इरा' का निर्माण चक्रवर्ती रामचंद्र और एस शशिकांत ने नाइट शिफ्ट स्टूडियो और वाईएनओटी स्टूडियो के तहत किया है। आपको बता दें कि यह फिल्म थिएटर्स में मलयालम भाषा में रिलीज हुई है।

### भोजपुरी

## धनश्री ने गुलाबी साड़ी-माथे पर बिंदी लगाए दिया संस्कारी लुक



डांसर और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें धनश्री पिंक कलर की साड़ी पहने दिख रही हैं। इसे देख यूजर्स भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह का जिक्र कर रहे हैं। बीते दिनों धनश्री वर्मा रियलिटी शो राइज एंड फॉल से काफी चर्चाओं में रही थीं। आज वो एक बार फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वो गुलाबी रंग की साड़ी पहने दिख रही हैं। नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं, जिसमें वो भोजपुरी अभिनेता को इसके लिए जिम्मेदार मान रहे हैं।
डांसर-कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड में पिंक कलर की साड़ी पहने सज- संवरकर पहुंची। इसमें उन्हें माथे पर बिंदी लगाए भी देखा गया। धनश्री का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। धनश्री वर्मा का साड़ी पहने वीडियो सामने आते ही लोग भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह का जिक्र कर रहे हैं। आपको बताते चलें कि राइज एंड फॉल शो में पवन सिंह और धनश्री बतौर प्रतियोगी नजर आए थे। इस दौरान अभिनेता ने धनश्री से साड़ी पहनने के लिए कहा था। इतना ही नहीं उन्होंने इस शो के फाइनल में आकर धनश्री को एक साड़ी भी गिफ्ट की थी और इसे पहनने लिए कहा था। इसी वजह से डांसर का ये साड़ी लुक देख फैंस पवन सिंह का जिक्र कर रहे हैं। इस वीडियो पर नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। एक यूजर ने कहा, 'पवन सिंह का ये डिमांड था, तो पूरा करना तो बनता था।' दूसरे यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, 'पवन भैया की फरमाइश पूरी हो गई।' एक और नेटिजंस ने लिखा, 'पवन भैया ने गिफ्ट की है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कहा कि कितनी सुंदर लग रही हैं वो इस साड़ी में।

## लाइफ स्टाइल



### कूल परफेक्ट

ठंड के दिनों में रनवे पर टार्टन, चेक, प्लेड और ट्वीड की भरमार हो तो मान लेना चाहिए कि डिजाइनर को मौसम का आभास है। इस मौसम में वाकई ये ड्रेस परफेक्ट हैं। साधारण ठाठ वाली मैक्सी ड्रेसेस में हो या दूसरी डिजाइन, सभी को दर्शकों ने हाथों-हाथ लिया। हम प्लीटेड स्कर्ट या फलालैन शर्ट देखने के ज़्यादा आदी हैं।

## चाहिए तत्काल ग्लो तो घर पर ऐसे तैयार करें ब्लीच

हर कोई ये चाहता है कि उसकी त्वचा हमेशा खिली-खिली रहे, इसके लिए लोग मौसम बदलने के समय तरह-तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट लेते हैं। अक्सर इंस्टेंट ग्लो पाने के लिए महिलाएं ब्लीच का इस्तेमाल करती हैं। अगर आपको भी बाजार में मिलने वाले ब्लीच से डर लगता है तो आप घर पर ही इन चीजों का इस्तेमाल करके इंस्टेंट ग्लो पा सकती हैं। इसके लिए दो चम्मच ओट्स के पाउडर में आप दही और नींबू का रस मिलाकर पैक तैयार कर सकती हैं।
इससे आपके चेहरे की कई परेशानियां दूर हो सकती हैं। इस पैक को तकरीबन बीस मिनट के लिए आपको चेहरे पर लगाना है, तभी जाकर आपको इसका फायदा मिलेगा। दो चम्मच शहद में अगर आप तीन से चार बूंद नींबू का रस डालकर इसका पैक तैयार करेंगी तो ये एक केमिकल रहित ब्लीच की तरह की काम करेगा। मसूर की दाल को रात भर भिगो कर रख लें।
इसके बाद सुबह इसको पीसकर इसमें नींबू का रस मिलाएं। हफ्ते में दो बार इसके इस्तेमाल से आपको नेचुरल ग्लो मिलेगा। पपीते के टुकड़े में नींबू का रस डालकर इससे चेहरे की मसाज करें। मसाज के दस से 15 मिनट बाद आप चेहरा धो लें। इससे आपको जरूर फायदा मिलेगा। संतरे के छिलके में पाए जाने वाले तत्व त्वचा की कई परेशानियों को दूर करते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस संतरे के छिलके का पाउडर बनाकर इसमें शहद और दूध मिलाना है। इस पैक को आप हफ्ते में दो बार लगा सकते हैं।




## फैशन के इन नए रंग और ढंग में सुंदर लगेगी दुल्हन



दीपावली के तुरंत बाद अब शादियों का सीजन दस्तक दे रहा है और उससे पहले आपको जानना जरूरी है कि इस वर्ष ब्राइडल फैशन आपको क्या नए विकल्प देखने को मिलेंगे।

### ब्राइडल आउटफिट्स के कलर



ब्राइडल आउटफिट्स में पहले लाल, गुलाबी, नारंगी, पीले आदि रंग को ट्रेडिशनल माना जाता था। वहीं अब व्हाइट, आइवरी, बेज आदि रंग भी ब्राइड्स को काफी लुभा रहे हैं, लेकिन अब ग्रे, ग्रीन, स्काई ब्लू आदि रंग भी ब्राइडल आउटफिट्स में खूब जच रहे हैं। फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने भी अपने 2025-2026 ब्राइडल कलेक्शन में ग्रे कलर का काफी ग्रेसफुली प्रयोग किया है। साथ ही गोल्डन कलर के एंब्रॉयडरी वाले लहंगे भी आने वाले वक्त में ट्रेंड में नजर आएंगे। लाल रंग को भी ब्राइडल आउटफिट्स में काफी देखा जा रहा है और मॉर्डन एंब्रॉयडरी के साथ यह रंग काफी अच्छा तालमेल बैठा रहा है। अगर बॉलीवुड फिल्मों की बात की जाए तो हालही में आई 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में आलिया द्वारा पहले गए ऑरेंज लहंगे को भी युवतियों के मध्य काफी पसंद किया गया है। इस तरह के लहंगे में आपको बाजार में काफी वैरायटी देखने को मिल जाएगी। आप इसे ऑर्डर पर तैयार भी करा सकती हैं।

### ब्राइडल आउटफिट्स को सजा रही हैं ये एम्ब्रॉयडरी

ब्राइडल आउटफिट्स पर अब ट्रेडिशनल सलमा-सितारों वाली एंब्रॉयडरी नहीं की जाती है। अब इसमें भी मॉडर्न टच दिया जा रहा है। इसके लिए मिरर और स्वरोस्की वर्क को इंडियन डिजाइनर कुछ ज्यादा ही तवज्जो दे रहे हैं और भला दे भी क्यों नहीं, ब्राइडल आउटफिट्स को रॉयल लुक देने में इन दोनों का बड़ा हाथ है।
फैशन डिजाइनर अबू जानी और संदीप खोसला की जोड़ी भी इस पर काफी डीप वर्क कर रही है। उनके तैयार किए गए ब्राइडल आउटफिट्स में आपको मिरर एंब्रॉयडरी और स्वरोस्की वर्क बखूबी देखने को मिलेगा। इसके साथ ही गोल्ड और सिल्वर थ्रेड वर्क भी इस वक्त काफी चलन में है। यह आउटफिट को हैवी लुक देता है मगर वास्तव में उनका वजन काफी कम होता है।

## यंगर लुक पाने अपनाएं ये हेयरस्टाइलिंग टिप्स

जब भी हम खुद को स्टाइल करती हैं तो ऐसे में अपने हेयरस्टाइल पर भी उतना ही ध्यान देती हैं। अमूमन हम एक ही तरह के हेयरस्टाइल बनाना पसंद करती हैं। लेकिन ऐसा करने से आपका लुक बोरिंग लगता है। साथ ही साथ, कई हेयरस्टाइल्स ऐसे होते हैं, जो देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन इससे आपकी उम्र अधिक लगने लगती है। इसलिए, यह बेहद जरूरी है कि हम अपने हेयरस्टाइल पर खासतौर पर ध्यान दें। ऐसे कई हेयरस्टाइलिंग टिप्स होते हैं, जो आपको यंगर लुक देते हैं। हालांकि, अधिकतर लोगों को इन टिप्स के बारे में पता ही नहीं होता है। अगर आपको ऐसा लगता है कि आपका लुक काफी बोरिंग हो गया है तो ऐसे में अपने लुक में चेंज करने के लिए और एक यंगर लुक पाने के लिए आप हेयरकट करवा सकती हैं। कोशिश करें कि आप ऐसा हेयरकट करवाएं, जो आपके फेस शेप के अनुसार हो, जिससे आपका लुक यंगर नजर आए। अगर आप ऐसा हेयरस्टाइल बनाना चाहती हैं, जो आपको यंगर लुक दे तो ऐसे में बैंग्स या फ्रिंज बनाएं। इन दिनों मार्केट में



फेक बैंग्स मिलते हैं। आप इन्हें अपने रियल हेयर से भी बना सकती हैं। बैंग्स माथे की झुर्रियों को छिपाने के साथ-साथ एक यंगर लुक देते हैं। आजकल मार्केट में कई बेहतरीन व कलरफुल हेयर एसेसरीज जैसे हेडबैंड, क्लिप या स्कार्फ आदि मिलते हैं। जब आप हेयरस्टाइल बनाती हैं तो इन हेयर एसेसरीज को जरूर इस्तेमाल करें।

## अपनी स्किन के हिसाब से चुनें साड़ी का सही रंग


जब भी हम साड़ी खरीदने जाते हैं तो इसके लिए साड़ी डिजाइन और कलर का ध्यान रखते हैं। लेकिन सबसे ज्यादा जरूरी है कि हम स्किन टोन का भी ध्यान रखें। क्योंकि कई सारे कलर ऐसे होते हैं जो हर एक स्किन टोन पर सूट नहीं करते हैं। इसलिए जब भी साड़ी खरीदें तो इस बात का ध्यान रखना आपके लिए बेहद जरूरी है। इससे आपकी स्किन भी अच्छी रहेगी साथ ही आप खूबसूरत नजर आएंगी।

### डार्क कलर साड़ी

अगर आप डार्क कलर साड़ी पहनना पसंद करती हैं तो ये बात आपके लिए जानना जरूरी है कि इस तरीके की साड़ी ब्राइट स्किन की लड़कियों पर काफी अच्छी लगती हैं। इसमें आप डार्क ब्लैक, ब्लू और ब्राउन शेड चूज कर सकती हैं। इस बात का ध्यान रखें की आप चाहे तो बेज कलर वाली साड़ी भी स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए आपको ऑनलाइन और मार्केट दोनों में ऑप्शन मिल जाएंगे। साड़ी के अलग-अलग कलर आप डिफरेंट फैब्रिक के साथ वियर कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे अलग पैटर्न भी मिल जाएंगे।

### डबल शेड साड़ी

कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें डबल शेड साड़ी



पहनना काफी पसंद होता है। लेकिन इस तरीके की साड़ी (साड़ी में दिखे लंबी) गेहूं कलर वाली लड़कियों पर अच्छी लगती हैं। इसमें दोनों कलर इक्वल होता है। इसलिए इसमे स्किन टोन न ही डार्क नजर आता है और न ही लाइट दिखाई देता है। ऐसे में अगर आपका स्किन टोन भी ऐसा है तो ये साड़ी कलर आपके लिए परफेक्ट हैं। इसमें आप दिखेंगी भी खूबसूरत और सबसे अलग नजर आएंगी।

### साड़ी खरीदते वक्त इन बातों का रखें ध्यान

इसके लिए आपको फेब्रिक का खास ध्यान रखना होगा। साड़ी की लेंथ का भी ध्यान रखें। इस बात का ध्यान रखें की साड़ी खरीदते वक्त उसके डिजाइन का ध्यान रखें। साड़ी खरीदते वक्त अपने स्किन टोन (सिंपल साड़ी डिजाइन) का खास ध्यान रखें। ऐसे और भी कई सारी चीजें होती हैं जिनका खास ध्यान रखना पड़ता है।

**कार्नर न्यूज**

### अपनी रोजमर्रा की आदतों में शामिल कर आप अपनी स्किन को बना सकते हैं जवां

## ठंड दस्तक दे रही, इस मौसम में स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाएं रखने उठाएं जरूरी कदम

भारतीय पुरुष आमतौर पर सजने-संवरने की बात बहुत ही हल्के में लेते हैं। वे शायद ही अपनी त्वचा पर कोई ध्यान देते हैं, और अगर कोई उन्हें कोई सुझाव दें तो उस पर भी वह कोई खास ध्यान नहीं देते हैं। यही कारण है कि उनकी इन आदतों की वजह से उनकी स्किन और बॉडी पूरी तरह बर्बाद हो रही है। अगर आप अपनी स्किन का अच्छे से ध्यान दें तो आप खुद में काफी बदलाव देखेंगे।

### ढेर सारा पानी पीना

इस बात को आपने न जानें कितनी बार सुना होगा। सेलेब्स भी अपनी हेल्दी स्किन का सीक्रेट इस टैनिक को ही बताते हैं। वास्तव में इस आदत को अपनी दिनचर्या में लागू करेंगे तो रिजल्ट देखकर आप हैरान रह जाएंगेष आप जितना अधिक पानी पिएंगे, उतना ही यह आपकी त्वचा से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और उसे साफ करने में मदद मिलती है।



### सही फेस स्क्रब का उपयोग करें

जैसा कि हम सब जानते हैं कि हर एक शख्स की अलग-अलग स्किन होती है। ऐसे में सही फेश वॉश और स्क्रब का चुनाव करना बहुत जरूरी है।फेस स्क्रब का उपयोग करने से आपकी त्वचा साफ दिखेगी और उसमें चमक आएगी। पूरे चेहरे पर एलोवेरा जेल का उपयोग करने से आप निश्चित रूप से साफ चमकदार त्वचा पा सकते हैं।

### सनस्क्रीन का प्रयोग करें

भारत में कड़ी धूप होती है, इसलिए बाहर निकलते समय सनस्क्रीन का उपयोग करना बहुत जरूरी है। त्वचा को धूप से होने वाले नुकसान से सुरक्षित रखने के लिए अच्छे एसपीएफ वाले सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। लंबे समय तक धूप में रहने से बचें और यदि आप ऐसा करते भी हैं, तो सुनिश्चित करें कि आप हर कुछ घंटों के बाद सनस्क्रीन दोबारा लगाएं।

### अपनी त्वचा को दिन में कई बार मॉइस्चराइज करें

मॉइस्चराइजर का उपयोग निश्चित रूप से आपकी त्वचा को चमकदार और जवां बनाए रखने में मदद करेगा। दिन और रात में चेहरे को धोकर अच्छे से मॉइस्चराइजर को अप्लाई करें।

